
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





क्या हाथ लगेगी.........
नई फिल्म मायसा से ..........

वर्ष : 12 | अंक : 117 | लखनऊ, 20 अप्रैल, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### उग्र बंदरों को लेकर योगी सरकार ने बनाया प्लान

लखनऊ। मानव-बंदर संघर्ष रोकने हाईकोर्ट के निर्देश पर वन विभाग ने कार्ययोजना बनाई है।



वहीं बंदर प्रबंधन को वृक्षारोपण अभियान-2026 की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। उग्र बंदरों के लिए हर शहर में वन बनाए जाएंगे। शहरी आबादी से बाहर न्यूनतम एक हेक्टेयर भूमि पर इसे बनाया जाएगा। इसमें ऐसी प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे, जिन पर पूरे साल पर्याप्त फलों की उपलब्धता रहे।

### अखिलेश यादव ने चाय वाले को दिए पीतल के बर्तन

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिस चाय वाले के यहां चाय पी थी। उस चाय वाले शेषमन



यादव की दुकान पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अफसरों ने छापेमारी कर दुकान बंद करने चेतावनी दी थी। अखिलेश ने शेषमन व उनके पुत्र आर्यन यादव को अपने कार्यालय बुलाया और उन्हें पीतल के बर्तन भेंट किए। उन्होंने तंज कसा कि मेरे घर में भी एल्युमिनियम के बर्तन हैं। मेरा घर भी सील कर दो।

### हाथियों ने शख्स को कुचलकर मार डाला

कोडरमा। यहां हाथियों के झुंड ने युवक को कुचलकर मार डाला। हाथियों ने घर के बाहर सो रहे



रोहित कुमार, ग्राम कटिया, सतगावां को कुचलकर मार डाला। इस दौरान हाथियों के झुंड ने गांव के बाहर स्थित पंचायत भवन को भी नुकसान पहुंचाया है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की लापरवाही के खिलाफ सतगावां चौक को जाम कर दिया है।

### टाटाः गैर-पारसियों के ट्रस्टी बनने पर लगी रोक हटेगी

नई दिल्ली। टाटा साम्राज्य की परोपकारी संस्था टाटा ट्रस्ट ने रविवार को एक दूरगामी फैसला



लिया है। ट्रस्ट ने बाई हीराबाई जमशेदजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टीट्यूशन (बाई हीराबाई ट्रस्ट) के ट्रस्टी बनने की पात्रता शर्तों में मौजूद भेदभावपूर्ण नियमों को बदलने के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू करने का एलान किया है। इसमें सबसे प्रमुख मुद्दा गैर-पारसी व्यक्तियों के ट्रस्टी बनने पर लगी पाबंदी को हटाना है। टाटा ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी मेहली मिस्त्री ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के पास एक शिकायत दर्ज कराई थी।

---

### ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने समीक्षा बैठक के बाद लिया फैसला

# यूपी में बिजली स्मार्ट मीटर पर तत्काल प्रभाव से रोक, बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने यूपी बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। यूपी में स्मार्ट मीटर पर रोक लगा दी गई है। शर्मा ने कहा, उपभोक्ता संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

**अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,**

यूपी में बिजली स्मार्ट मीटर का लगातार विरोध हो रहा है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने तत्काल प्रभाव से यूपी में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगा दी है। प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी व प्रभावी बनाने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम के निर्देशन में गठित तकनीकी समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी।



#### जीरो बैलेंस होने पर भी नहीं कटेगी बिजली

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए कहा कि जहां स्मार्ट मीटर अभी तत्काल में लगे हैं, वहां लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल लगभग 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है कि जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 3 दिन या 200 तक (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

#### बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को हल करें अधिकारी'

गर्मी के मौसम को देखते हुए मंत्री ने सभी डिस्कॉम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर बदलने में किसी प्रकार की देरी न हो और ढीले तारों व स्पार्किंग की समस्याओं को तत्काल ठीक किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अनुरक्षण कार्यों में तेजी लाकर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जाए।

#### 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू होगी

उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत बैलेंस 30 प्रतिशत होने पर पहला, 10 प्रतिशत पर दूसरा, बैलेंस समाप्त होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पूर्व चौथा और डिस्कनेक्शन के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त मंत्री ने निर्देश दिए कि रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में बैलेंस नेगेटिव होने पर भी किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

---

### महिला आरक्षण बिल न पास होने पर सीएम योगी का तीखा हमला

# इंडी गठबंधन ने किया षड़यंत्र, भरी सभा में द्रौपदी के चीरहरण जैसा था संसद का दृश्य

*सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जब भी हमने कोई प्रोग्रेसिव कदम उठाया है, कांग्रेस व उसके जितने भी पार्टनर हैं, हमेशा विरोध करते रहे।*

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में रविवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सीएम योगी ने कहा कि जब पीएम मोदी ने वर्ष 2014 में देश की सत्ता अपने हाथों में ली थी, तब उन्होंने एक बात स्पष्ट की थी। उन्होंने कहा था कि देश में चार ही जातियां हैं: नारी, गरीब, युवा और किसान। उन्होंने कहा कि भारत को कमजोर करने की नीयत से जातिवाद के नाम पर खुद के परिवार का भरण-पोषण कर उन्होंने देश को लूटा है। उनके लिए यह चुनौती थी।

कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने कोई भी प्रोग्रेसिव कदम उठाया है, कांग्रेस व उसके जितने भी पार्टनर हैं, हमेशा विरोध करते रहे। आधी आबादी के मन में विपक्ष के इस नारी विरोधी आचरण के बारे में भारी आक्रोश है। वह आक्रोश समाजवादी पार्टी, राजद, टीएमसी, डीएमके व उन दलों पर है जो इस पाप में भागीदार थे। सदन के अंदर जो दृश्य 'इंडी गठबंधन', कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, डीएमके का रहा, वह दृश्य पूरी तरह से भरी सभा में 'द्रौपदी के चीरहरण' जैसा था।

विचार-विमर्श के बाद ही केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन लेकर आई



**कांग्रेस और उसके जितने भी पार्टनर हैं, हमेशा विरोध करते रहे**

#### अधिनियम 2034 के बजाए 2029 की थी मांग

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी की ओर से समाज और देश के हित में जो कदम उठाए गए हैं, उनके सामने कैसे बैरियर के रूप में और उन कदमों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए इंडिया गठबंधन किस हद तक जाकर षड्यंत्र करता है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ था, लेकिन जब महिला संगठनों और सामाजिक संगठनों ने इस बात की मांग की कि यह अधिनियम 2034 के बजाए 2029 में लागू हो। उनकी मांग के अनुसार पीएम मोदी ने सभी पक्षों से विचार-विमर्श करने के बाद केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में आवश्यक संशोधन लेकर आई।

#### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

### आक्रमण झेल कर भी दृढ़ता से खड़ी है सनातन आस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली सनातन विरासत और आधुनिक विकास के नए युग में एक साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग रही और आज "यतो धर्मस्ततो जयः" के भाव के साथ पुनः अपने स्वाभिमान के शिखर पर स्थापित हो रही है। मुख्यमंत्री ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक पुनरुत्थान का उल्लेख करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल और राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया और कहा कि आज वही सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुका है। इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को रवाना करते हुए इसे भारत की आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया।

---

### महिला आरक्षण बिल के विरोध पर दी सफाई

# महिलाओं को सबसे ज्यादा टिकट इंडिया गठबंधन ने दिया

**अमन लेखनी समाचार/पटना,**

राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने तथ्यों के साथ भाजपा और केंद्र सरकार को महिला विरोधी बताया है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि महिला विरोधी भाजपाईयों को सच्चाई स्वीकार करना चाहिए।

आज तक एनडीए ने बिहार से केंद्र में किसी महिला को मंत्री नहीं बनाया। हकीकत है कि विपक्ष का कोई भी दल महिला विरोधी नहीं है। हम उन्हें टिकट देते हैं और आरएसएस के लोग उनसे पैर धुलवाते हैं।

पटना में रविवार को पत्रकारों से तेजस्वी यादव ने बात की। कहा कि मनुस्मृति में महिलाओं का स्थान कहां है यह सब लोगों को पता है। लोकसभा, विधानसभा या अन्य चुनाव में महिलाओं को सबसे ज्यादा टिकट हमारे गठबंधन ने दिया। ये लोग टिकट नहीं देते पर महिलाओं से आरएसएस वाले पैर धुलवाते हैं।

भाजपा के लोग मनुस्मृति को मानते हैं। महिला रिजर्वेशन बिल को लेकर हमारा कोई भी विरोध नहीं है। इस बिल की आड़ में भाजपा डिलिमिटेशन का बिल ला रही थी इसलिए विरोध करना पड़ा। ये सीट वे अपने हिसाब से काटने वाले थे। जहां विपक्ष मजबूत है उन सीटों को चार बार काटते।



#### ओबीसी की महिलाओं की भागेदारी भी तय हो

तेजस्वी ने कहा कि महिलाओं का विरोध कौन करेगा। हम तो चाहते हैं कि महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दें। लेकिन इसमें ओबीसी की महिलाओं की भागेदारी भी तय होना चाहिए। ऐसा बिल सरकार लाए जिससे केवल शहर में रहने वाली नहीं बल्कि गांव में रहने वाली महिलाएं भी पार्लियामेंट जाएं। लेकिन, इन लोगों को मनमानी करना है। जो महिलाएं पहले से आगे हैं उन्हीं को आगे बढ़ाने की मंशा थी।

---

### नेशनल हेराल्ड मामला

## सोनिया-राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। अदालत ने अपने आदेश में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ नेशनल हेराल्ड से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया था। मामला सुनवाई के लिये न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष सूचीबद्ध है। 22 दिसंबर को उच्च न्यायालय ने गांधी परिवार और अन्य को मुख्य याचिका के साथ-साथ ईडी के उस आवेदन पर भी नोटिस जारी किया था जिसमें 16 दिसंबर, 2025 के अधीनस्थ अदालत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। अधीनस्थ अदालत ने कहा था कि इस मामले में एजेंसी की शिकायत का संज्ञान लेना 'कानूनी रूप से अस्वीकार्य' है क्योंकि यह प्राथमिकी पर आधारित नहीं है।

### कोलंबो पहुंचे उपराष्ट्रति राधाकृष्णन

## श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके से की मुलाकात, परियोजनाओं पर की चर्चा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को यहां श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके से मुलाकात की और भारतीय आवास परियोजना एवं मछुआरों के मुद्दों सहित दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के बीच विभिन्न पहलों पर चर्चा की। कोलंबो के भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खेल मंत्री सुनील कुमार गामागे और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने 49 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आए उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन का स्वागत किया। राधाकृष्णन ने कहा कि दोनों नेताओं ने साझा इतिहास और मजबूत सभ्यतागत रिश्तों पर आधारित बहुआयामी भारत-श्रीलंका संबंधों को प्रगाढ़ बनाने पर सार्थक चर्चा की। दोनों नेताओं ने व्यापक चर्चा की, जिनमें भारतीय आवास परियोजना और चक्रवात दित्वा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पैकेज के तहत कार्यान्वित की जा रही परियोजनाएं शामिल हैं।

### बाढ़ राहत से बचाव का प्रशिक्षण



गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और एसएसबी द्वारा आयोजित संयुक्त बाढ राहत अभ्यास 'जल राहत' के दौरान एक एनडीआरएफ कर्मी छात्रों को बचाव उपकरण की जानकारी देता हुआ।

---

### 2.5 लाख रुपए की ड्रोन आयात रिश्वत मामला

# सीबीआई ने डीजीसीए के डिप्टी डीजी और निजी कंपनी के अधिकारी को अरेस्ट किया

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक अन्य निजी कंपनी के लिए ड्रोन आयात की सुविधा प्रदान करने के बदले कथित तौर पर 2.5 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में एक प्रमुख कॉरपोरेट समूह के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत माथुर और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मुख्यालय में 'एयरवर्दीनेस डायरेक्टरेट' के उप महानिदेशक मुदावथ देवुला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।



#### रिश्वत की पूरी राशि बरामद की

शनिवार को की गई कार्रवाई में सीबीआई ने बताया कि आरोपी डीजीसीए के अधिकारी ने कथित तौर पर एक निजी एयरोस्पेस कंपनी के लिए डीजीसीए के पास लंबित आवेदनों की मंजूरी और संबंधित आदेश जारी करने के बदले में निजी व्यक्तियों से अनुचित लाभ की मांग की थी। रिश्वत की पूरी राशि भी जब्त कर ली गई है।

#### 37 लाख रुपए नकदी और सोने-चांदी के सिक्के जब्त

सीबीआई ने अपने बयान में कहा है कि सीबीआई ने दिल्ली में चार स्थानों पर आरोपी अधिकारी और अन्य निजी व्यक्तियों के परिसरों की तलाशी ली और इस दौरान 37 लाख रुपए की नकदी के साथ-साथ सोने और चांदी के सिक्के और कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए।

### बैसाखी कार्यक्रम में शामिल होकर गुरुद्वारे से निकल रहे थे बाहर

# इटली में 2 भारतीयों की गोली मारकर हत्या, चलाईं 12 गोलियां

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

इटली में दो भारतीय नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना उत्तरी इटली के बर्गामो प्रांत के कोवो इलाके में हुई। घटना शुक्रवार (17 अप्रैल2026) की देर रात करीब 11:50 बजे कोवो के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के बाहर हुई। दोनों लोग एक वेयरहाउस से बाहर निकल रहे थे, जिसे धार्मिक गतिविधियों और बैसाखी समारोह के दौरान सभा स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। मृतकों की पहचान 48 वर्षीय रागिंदर सिंह, जो कोवो में रहते थे और अग्नाडेलो के निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है।

#### ताबड़तोड़ फायरिंग कर कार से फरार हुआ हमलावर, जांच तेज

चश्मदीद गवाहों से पूछताछ कर रही पुलिस

सीसीटीवी फुटेज और गोलियों की जांच की जा रही, शवों को पीएम के लिए भेजा



घटनास्थल पर जांच करती स्थानीय पुलिस

#### मेयर ने जताया दुख, कहा- कभी ऐसी घटना नहीं हुई

*पकोवो के मेयर ने इस घटना पर दुख और हैरानी जताई है। उनका कहना है कि सिख समुदाय यहां पिछले 15 साल से शांति से रह रहा है और पहले कभी ऐसी घटना नहीं हुई। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है, गवाहों से पूछताछ हो रही है और गोलियों की जांच की जा रही है। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए पाविया भेजा गया है।*

#### पुलिस ने माना सुनियोजित हत्या

*स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, हमलावर अचानक वहां पहुंचा और दोनों पर गोलियां चला दीं। इसके बाद वह कार से मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से करीब दस खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस का मानना है कि यह कोई अचानक हुआ झगड़ा नहीं था, बल्कि सुनियोजित हत्या हो सकती है। गोलीबारी के दौरान एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है।*

#### जांच में जुटी पुलिस

*पुलिस सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है। हमलावर भी भारतीय मूल का था और वह स्थानीय सिख समुदाय में जाना-पहचाना व्यक्ति था। वह गुरुद्वारे में अक्सर आता-जाता था।*

# लखनऊ से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा को योगी ने दिखायी हरी झंडी

## सोमनाथ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं ने जताया आभार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा 'उत्तर प्रदेश' का शुभारंभ किया। धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा के बीच शुरू हुई इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रवाना हुई इस विशेष ट्रेन ने श्रद्धालुओं की आस्था को नया आयाम दिया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने आम लोगों की वर्षों पुरानी मनोकामना पूरी करने का कार्य किया है।

खासतौर पर मुजफ्फरनगर के बंती खेड़ा निवासी सतीश कुमार भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से उनकी इच्छा थी कि बाबा सोमनाथ मंदिर के दर्शन करने जाएं, लेकिन कभी अवसर नहीं मिला। सरकार की पहल से यह यात्रा शुरू होने से उनका सपना पूरा हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने आम लोगों की भावनाओं को समझा है। वहीं बरेली की बिंदु इशिका



- प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की सराहना की

सिंघानिया ने कहा कि यह यात्रा केवल दर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति को मजबूत करने वाली पहल है। इससे एक राज्य के लोग दूसरे राज्य की संस्कृति को जान सकेंगे और युवा पीढ़ी भी अपनी परंपराओं से जुड़ेगी। बिंदु इशिका ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। आजमगढ़ के अनंत तिवारी ने कहा कि सरकार की यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वरदान है। कई लोग श्रद्धा रखते हैं, लेकिन आर्थिक अभाव में तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते। अब उन्हें भी सोमनाथ धाम जाने का अवसर मिलेगा। मेरठ के अनंत राना ने बताया कि वह पहली बार सोमनाथ दर्शन के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को इस यात्रा से बड़ा लाभ मिलेगा। बिजनौर और गोरखपुर से आए श्रद्धालुओं ने भी सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि योगी सरकार हर वर्ग की आस्था का सम्मान कर रही है। सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के शुभारंभ के साथ योगी सरकार ने यह संदेश दिया है कि विकास के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

# रविवार और अवकाश में नहीं कटेगा बिजली कनेक्शन

## जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 3 दिन या 200 रुपये तक (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी ‖ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन युद्धस्तर पर प्रयास कर रहा है। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है कि जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 3 दिन या 200 रुपये तक (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। ऊर्जा मंत्री ने लखनऊ स्थित शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये।



**45 दिन तक बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा :** ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए कहा कि जहां स्मार्ट मीटर अभी हाल में लगे हैं, वहां लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।

**रिपोर्ट आने तक पुराने मीटर बदलने की प्रक्रिया पर रोक :** ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा में निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर गठित तकनीकी समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती और उसकी जांच नहीं हो जाती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत बैलेंस 30 प्रतिशत होने पर पहला, 10 प्रतिशत पर दूसरा, बैलेंस समाप्त होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पूर्व चौथा और डिस्कनेक्शन के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा।

**स्मार्ट मीटर की चार सदस्यीय कमेटी करेगी जांच :** इसके अतिरिक्त ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में बैलेंस नेगेटिव होने पर भी किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके। वहीं ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं यूपी पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्मार्ट मीटर की तकनीकी गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की है। इसमें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर के प्रोफेसर अंकुश शर्मा, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर के ही प्रोफेसर प्रबोध बाजपेयी, इलेक्ट्रिकल रिसर्च एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन वडोदरा के अनुभाग प्रमुख तेजस मिस्त्री और यूपी पावर कारपोरेशन लि. के निदेशक (वितरण) जीडी द्विवेदी को शामिल किया गया है। समिति 10 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप रिपोर्ट आने तक प्रदेश में पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। आगे का निर्णय समिति की रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा। वहीं उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ता मार्गदर्शिका जारी की गई है, जिसमें स्मार्ट मीटर से जुड़े लाभ और भ्रांतियों का तथ्यात्मक विवरण दिया गया है। इसके साथ ही सोशल, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

**इन नम्बरों पर कर सकते है शिकायत :** ऊर्जा विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा वेबसाइट और व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मध्यांचल-766-900-3409/ पश्चिमांचल-785-980-4803/ पूर्वांचल-801-096-8292/ दक्षिणांचल-801-095-7826/ केस्को-828-783-5233 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिकायतों की दैनिक मॉनिटरिंग कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# 17 अप्रैल काला दिवस के रूप में जाना जायेगा : अन्नपूर्णा देवी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है और अब उन्हें राजनीतिक रूप से सशक्त करने की दिशा में ठोस पहल की जा रही थी। संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा सार्थक रही, लेकिन विपक्षी दलों कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके ने बिल का विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई।



केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि इन दलों ने हमेशा की तरह इस बार भी नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लटकाने, भटकाने और अटकाने की राजनीति अपनाई। इसके लिए 17 अप्रैल काला दिवस के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक और सशक्त हो चुकी हैं तथा हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं। महिलाएं अपने अधिकारों के खिलाफ खड़े होने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी। केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उसका अधिकार नहीं दिया। ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का कार्य एनडीए सरकार ने किया।

सपा पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। उन्होंने मुखर होकर कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी परिवारवाद की राजनीति कर रहे हैं। इन्हें देश की जनता के हितों से कोई लेना देना नहीं है।

# वार्षिक उत्सव-2026 में छात्राओं की प्रतिभा का दिखा शानदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ब्राइट कैरियर गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मलिहाबाद में रविवार को वार्षिक उत्सव-2026 का आयोजन हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक जय देवी कौशल रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रधान संघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह अंजू, शुभाष पाल, अतीक प्रधान सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कॉलेज परिवार द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की चेयरपर्सन मिथिलेश द्विवेदी, प्रबंध निदेशक ऋषभ द्विवेदी, निदेशक श्वेता द्विवेदी, प्राचार्य डॉ. सरिता पांडेय तथा डॉ. अन्नपूर्णा पांडेय मौजूद रहीं। कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष सिंह, समन्वयक अब्बास एवं अमान का विशेष




योगदान रहा। उत्सव के दौरान छात्राओं ने नृत्य, संगीत और नाटक की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि जय देवी कौशल ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रशासन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

# मृदा स्वास्थ्य व उर्वरता बढ़ाने के लिए हरी खाद का प्रयोग करें किसान

**लखनऊ।** कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी ने प्रदेश के किसानों से मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए हरी खाद को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि फसलों से अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिए मिट्टी में जीवांश कार्बन की उपलब्धता अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश की मृदा में जीवांश कार्बन की मात्रा मात्र 0.2 से 0.3 प्रतिशत रह गई है, जिसे बढ़ाकर 0.8 से 1 प्रतिशत तक ले जाने की आवश्यकता है। रासायनिक उर्वरकों जैसे यूरिया और डी.ए.पी. के अत्यधिक प्रयोग तथा गर्मी में जुताई न करने के कारण मिट्टी से मित्र कीट और केंचुए गायब हो रहे हैं, जिसका सीधा असर उत्पादन और उर्वरकों की बढ़ती मांग पर पड़ रहा है।

कृषि निदेशक डॉ० पंकज त्रिपाठी ने जानकारी दी कि दलहनी और गैर-दलहनी फसलों को उनकी वानस्पतिक वृद्धि के समय मिट्टी में दबाना ही हरी खाद है। इसके लिए

- किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे हरी खाद के बीज

ढैंचा, सनई, लोबिया, ग्वार और मक्का जैसी फसलों का चयन किया जा सकता है। ये फसलें अपनी जड़ ग्रंथियों में उपस्थित जीवाणुओं के माध्यम से वातावरण की नाइट्रोजन को मिट्टी में स्थिर करती हैं। किसान भाइयों को वर्ष में कम से कम एक बार इन फसलों की बुवाई कर 30 से 40 दिन के भीतर इन्हें मिट्टी में पलट देना चाहिए। इससे मृदा में न केवल जैविक पदार्थों की वृद्धि होगी, बल्कि सूक्ष्म जीवों की क्रियाशीलता और पोषक तत्वों जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश की उपलब्धता भी बढ़ेगी। डॉ० त्रिपाठी ने बताया कि अप्रैल और मई की भीषण गर्मी में खेतों को हरी खाद की फसलों से ढकने से ऊसर बढ़ने की आशंका कम होती है और आगामी फसलों के लिए भूमि तैयार हो जाती है।

# एआई की निगरानी में सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा सम्पन्न

## परीक्षा में 39 हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल





अमन लेखनी समाचार

**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या-51) के 16 विषयों की लिखित पुनर्परीक्षा रविवार को प्रदेश के छह जिलों में कड़ी निगरानी के बीच सम्पन्न कराई गई। परीक्षा आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के 50 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई। पुनर्परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक हुई। आयोग द्वारा स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की गई। एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर सतत नजर रखी गई, जिससे परीक्षा नकलविहीन और व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई।

आयोग अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार तथा अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में परीक्षा संचालन की समीक्षा की गई। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रयागराज में पायलट प्रोजेक्ट के तहत पांच परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के बाद ओएमआर शीट की परीक्षा कक्षों में ही स्कैनिंग कराई गई।

यह प्रक्रिया कक्ष निरीक्षकों और अभ्यर्थियों की उपस्थिति में पूरी की गई तथा स्कैन डेटा तुरंत सुरक्षित किया गया। आयोग अध्यक्ष ने प्रयागराज के तीन केंद्र—मेरी वानामेकर गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज, कर्नलगंज इंटर कॉलेज टैगोर टाउन और प्रयाग महिला विद्यापीठ इंटर कॉलेज—पर पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया। दो दिनों में कुल 39,192 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 18 अप्रैल को 19,718 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जिनमें 41.35 प्रतिशत महिलाएं और 58.64 प्रतिशत पुरुष थे। वहीं 19 अप्रैल को 19,474 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें 30.93 प्रतिशत महिलाएं और 69.07 प्रतिशत पुरुष अभ्यर्थी थे। जिला प्रशासन के सहयोग से परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से सम्पन्न कराई गई।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा में भागीदारी बढ़ी, 18.29% छात्रों ने लिया हिस्सा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, आधुनिक और व्यवस्थित बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा किए जा रहे सुधारों का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि यूपी मदरसा शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की परीक्षा में छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 12,510 अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जो मदरसा शिक्षा प्रणाली में बढ़ते विश्वास का संकेत माना जा रहा है। साल 2025 में जहां कुल 68,423 विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 80,933 पहुंच गई। यानी करीब 18.29 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

योगी सरकार की ओर से परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, नकलविहीन माहौल और समयबद्ध परिणाम की



व्यवस्था ने विद्यार्थियों तथा अभिभावकों का भरोसा मजबूत किया है। उल्लेखनीय है कि उ०प्र० मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित अरबी-फारसी की मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी) एवं आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) परीक्षा 9 फरवरी को प्रदेशभर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई थी। परीक्षा 71 जनपदों के 277 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में मुंशी/मौलवी परीक्षा और दूसरी पाली में आलिम अरबी परीक्षा हुई। मुंशी/मौलवी परीक्षा में कुल 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 32,389 छात्र और 29,843 छात्राएं शामिल थीं। वहीं आलिम परीक्षा में 18,701 विद्यार्थी पंजीकृत हुए, जिनमें 9,092 छात्र तथा 9,609 छात्राएं थीं। यह आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि मदरसा शिक्षा में छात्राओं की भागीदारी लगातार मजबूत हो रही है। योगी सरकार ने परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए थे। जनपद स्तर पर सचल दल, आंतरिक निरीक्षण टीम, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। इसके साथ ही परिषद स्तर पर केंद्रीकृत निगरानी व्यवस्था लागू की गई, जिसके तहत सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग की गई। सख्त व्यवस्था का ही परिणाम रहा कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई।

मदरसा शिक्षा परिषद के अधिकारियों का कहना है कि मई माह में परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी भी अंतिम चरण में है। समय पर परिणाम आने से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई, प्रवेश प्रक्रिया और अन्य शैक्षिक योजनाओं में लाभ मिलेगा। वहीं मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने, आधुनिक सुविधाएं देने और पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों ने सकारात्मक माहौल बनाया है। इसी भरोसे का परिणाम है कि इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में छात्र-छात्राओं ने मदरसा बोर्ड परीक्षा में भाग लेकर सरकार की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है।

# नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक गिरने पर महिलाओं का विरोध, विपक्ष पर बरसीं नेता

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक गिरने के बाद उत्तर प्रदेश में महिलाओं के बीच विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। महिलाओं ने इसे नारी विरोधी कदम बताते हुए विपक्ष पर महिलाओं का हक छीनने का आरोप लगाया है। यह विधेयक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से जुड़ा था।

प्रदेश की महिला नेताओं का कहना है कि विपक्षी दलों ने लोकसभा में इस विधेयक को पारित नहीं होने दिया, जिससे आधी आबादी के अधिकारों को नुकसान पहुंचा है। भाजपा से जुड़ी महिला नेताओं ने इसे विपक्ष की चुनावी हार की शुरूआत बताया। उनका आरोप है कि सपा और कांग्रेस समेत विपक्षी दल केवल अपने परिवार की महिलाओं को ही राजनीति में आगे बढ़ाना चाहते हैं और परिवारवाद से ग्रस्त हैं। महिला नेताओं ने कहा कि नरेंद्र









मोदी और योगी आदित्यनाथ की महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं से विपक्ष घबराया हुआ है। उनका दावा है कि यह विधेयक किसी भी वर्ग की महिलाओं के खिलाफ नहीं है और मोदी सरकार के कार्यकाल में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति मिली। प्रदेश सरकार में मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केवल यादव परिवार की डिम्पल यादव को ही संसद जाने का अधिकार है, या देश और प्रदेश की आम महिलाओं को भी अवसर मिलना चाहिए। मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि आज देश की राष्ट्रपति महिला हैं और कई उच्च पदों पर महिलाएं काम कर रही हैं। ऐसे समय में संसद में 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का मौका आया तो विपक्ष ने विरोध कर दिया। मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त भारत के सपने को विपक्ष बाधित कर रहा है। उनका आरोप है कि समाजवादी पार्टी महिलाओं को आरक्षण मिलने से घबराई हुई है। विधायक अदिति सिंह ने कहा कि एक महिला के सशक्त होने से परिवार ही नहीं, पूरा समाज सशक्त होता है।

# भाजपा महिलाओं की आड़ में ओझिल राजनीति आगे बढ़ा रही : सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव के समय महिलाओं के नाम पर राजनीति करना और बाद में उन्हें वास्तविक अधिकारों से वंचित रखना, यह दोहरी नीति अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं की आड़ में अपनी ओझिल राजनीति को आगे बढ़ा रही है, लेकिन देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और समय आने पर ऐसी राजनीति को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुरुष नेताओं की मानसिकता आज भी नहीं बदली है और वे अपनी सीटें छोड़ना नहीं चाहते। यही कारण है कि महिला आरक्षण का मुद्दा वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि वास्तविक नारी सम्मान तभी संभव है, जब महिलाओं को राजनीति, प्रशासन और निर्णय लेने वाली सभी संस्थाओं में समान भागीदारी मिले।

- महिला एकता ही बीजेपी को बाहर का रास्ता दिखाए

# गन्ना समितियों में व्यवसाय के लिए महिलाओं को मिलेगा निःशुल्क स्थान

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए गन्ना समितियों में रोजगार के लिए निशुल्क स्थान देने का निर्णय लिया है। यह स्थान आधी आबादी को प्रेरणा कैंटीन और अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री के लिए दिया जाएगा। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने एमओयू साइन किया है। योगी सरकार की पहल से स्वयं सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को गन्ना समितियों के माध्यम से सीधे रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश की आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गन्ना समितियों में अपने उत्पादों की बिक्री के लिए स्थान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश की गन्ना सहकारी समितियां अपने परिसरों में उपलब्ध खाली या अतिरिक्त स्थान को महिला स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराएंगी। यह स्थान प्रेरणा कैंटीन चलाने और अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री के लिए उपयोग किया जाएगा। खास बात यह है कि इन स्थानों के उपयोग के लिए शुरूआती दो वर्षों तक कोई किराया नहीं लिया जाएगा। दो साल की मोरेटोरियम अवधि के बाद स्वयं सहायता समूहों को केवल 50 प्रतिशत किराया ही देना होगा, जो जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित सर्किल रेट के अनुसार तय किया जाएगा। गन्ना आयुक्त ने बताया कि गन्ना समितियों की ओर से उपलब्ध कराए गए स्थान का स्वामित्व पूरी तरह संबंधित समिति के पास ही रहेगा। किसी भी परिस्थिति में इस स्थान का स्वामित्व स्वयं सहायता समूहों या किसी अन्य संस्था को हस्तांतरित नहीं किया जाएगा।

- समूह की महिलाओं को प्रेरणा कैंटीन और मार्केटिंग सेंटर खोलने के लिए दिया जायेगा स्थान
- चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग ने साइन किया एमओयू

# संविधान के मूल भाव को बचाने के लिए करना होगा संघर्ष : पंकज श्रीवास्तव

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में दलित-पिछड़ों के उत्थान में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता पंकज श्रीवास्तव प्रवक्ता एआईसीसी ने कहा कि हमें संविधान के मूल भाव को बचाने के लिए संघर्ष करना होगा, हमसे वोटिंग राइट छीना जा रहा है। जो लोग संविधान की शपथ लेकर सत्ता पर काबिज हैं, वही आज संविधान को नष्ट कर रहे हैं। वे भूल रहे हैं कि वे देश के राजा नहीं, बल्कि चुने हुए प्रतिनिधि हैं और उन्हें संविधान के अनुसार सीमित समय तक कार्य करने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले का भारत ऐसा था जहाँ जाति के आधार पर भेदभाव था और संपत्ति जागीरदारों व जमींदारों तक सीमित थी। उन्होंने कहा कि पिछड़ों और दलितों के उत्थान में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका रही है। यूपीए सरकार में पिछड़ी जातियों को शिक्षा संस्थानों में आरक्षण मिला, जिसका परिणाम आगे नौकरियों में उनकी बढ़ती भागीदारी के रूप में दिखा। इसके अतिरिक्त बैंकों का राष्ट्रीयकरण और जमींदारी उन्मूलन भी महत्वपूर्ण कदम रहे।

- दलित-पिछड़ों के उत्थान में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका पर गोष्ठी

## संक्षेप

### महिला ने प्रताड़ित किए जाने का ससुरालीजनो पर दर्ज कराया मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत विवाहिता के साथ मारपीट कर प्रताड़ित किये जाने पर पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के बाजपेयी खेडा निवासिनी नीतू पुत्री अखिलेश चंद शुक्ला ने तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह विनय कुमार पुत्र कृष्ण शंकर त्रिवेदी उर्फ लक्ष्मन त्रिवेदी ग्राम छाछीराई खेडा - सुमेरपुर के साथ 3 वर्ष पूर्व हुआ था। उसकी एक ढाई साल की लड़की भी है। शादी के बाद से मेरे पति विनय,ससुर कृष्ण शंकर व जेठ ऋषि तीनो लोग आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित किये आ रहे है।16 अप्रैल शाम को भी मेरे पति ने गंदी गंदी गालिया देकर लात घूसो एंव थप्पडो से मारा और घर मे तोड फोड किया। ये सभी लोग जान से मारने की धमकी दे रहे है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर व मेडिकल के आधार पर तीन लोगों पर गंभीर मामलों में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### स्नान करते समय जमीन में गिरा वृद्ध हुई मौत

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के मिश्री खेड़ा गांव में एक बुजुर्ग की घर पर नहाते समय गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 74 वर्षीय राम निरांजन पुत्र स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद निवासी मिश्री खेड़ा के रूप में हुई है। यह घटना रविवार सुबह हुई।परिजनों के अनुसार, राम निरांजन रोज की तरह सुबह स्नान करने गए थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे जमीन पर गिर पड़े। गिरने के बाद वे अचेत हो गए।परिवार के सदस्यों ने तत्काल उन्हें उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद राम निरांजन को मृत घोषित कर दिया।चिकित्सकों का प्राथमिक अनुमान है कि गिरने के दौरान उन्हें गंभीर चोट लगी या हृदय गति रुकने से उनकी मौत हुई हो सकती है। हालांकि, मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अचलगंज थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। राम निरांजन गांव के एक जाने-माने बुजुर्ग थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से परिवार के सदस्य और ग्रामीण स्तब्ध हैं। परिजनों का कहना है कि वे सरल स्वभाव के व्यक्ति थे।

### अनियंत्रित ई रिक्शा पलटा युवक घायल

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक ई-रिक्शा पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।घायल की पहचान विकास कुमार पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है, जो गाजी खेड़ा, शुक्लागंज का निवासी है। वह ई-रिक्शा से शुक्लागंज से उन्नाव आ रहा था। सुबह करीब 9:00 बजे शेखपुरा नहर के पास ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे विकास कुमार को चोटें आईं।मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, विकास की हालत फिलहाल स्थिर है और वह चिकित्सकों की निगरानी में है।

## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। विकास खण्ड क्षेत्र के मिजार्पुर (न्यामतपुर) गांव में भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद साहित्य सेवा संस्थान के तत्वाधान में साहित्यकार / कवि डॉक्टर प्रमोद कुशवाहा के संयोजन में आयोजित कवि सम्मेलन में मां शारदे के आराधक वाणी पुत्रों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को किया मंत्र मुग्ध...साहित्यकार सेवानिवृत शिक्षक दिवाकर द्विवेदी की अध्यक्षता एवं रायबरेली से पधारे कवि नीरज पांडेय के संचालन में कवियत्री अंकिता शुक्ला (लखनऊ) की सरस्वती वंदना से शुरू हुए काव्य पाठ में संचालक नीरज पांडेय की साहित्य एवं शौर्य की माटी उन्नाव पर पढ़ी गई



रचना जिसमे उन्होंने उन्नाव की साहित्यिक, धार्मिक,राजनैतिक स्थलों एवं वीर शिरोमणियों को करीने से पिरोते हुए एक भव्य एवं दिव्य ग्रंथ माला तैयार कर अपनी प्रस्तुति दी तो पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा उनकी ₹तू जिसकी मुश्किलें आसान करने में लगा वही वंदा तेरा नुकसान करने में लगा है,मेरे हटते ही जी भरकर गालियां देगा मुझे वो अभी जो सामने गुणगान करने में लगा है₹ पंक्तियां भी खूब सराही गई कार्यक्रम के संयोजक एवं स्थानीय कवि डॉक्टर प्रमोद कुशवाहा की शहीद चंद्रशेखर आजाद पर पढ़ी गई ₹पंद्रह की उम्र में ही क्रांति का तूफान एक अंग्रेजों के लिए बना जो सर दर्द था, राष्ट्र को स्वतंत्र कराने की सौगंध खाई लाडला वह मातृभारती का वह हमदर्द था,जीते जी फिरंगी जिसे कोई छू न सका वीर चंद्रशेखर ही ऐसा एक मर्द था₹ के ओजस्वी गीत को भी मिला श्रोताओं का तालियों का साथ, कवियत्री आकांक्षा गुप्ता ने पढ़ा ₹ प्रेम ग्रंथों में कथाओं में पढ़ा वेद मंत्रों में ऋचाओं में पढ़ा,लोक हित में जो खुली थी जो तुमको उन शिव की जटाओ में पढ़ा₹ गीत से मंत्रमुग्ध कर दिया.. बाराबंकी से पधारे कवि संजय ₹सांवरा ₹ की ₹कोई पावन सी बेला चुनी जाएगी,प्रेम की एक चादर बुनी जाएगी आप संग बैठकर दिल देश की कुछ कही जाएगी कुछ सुनी जाएगी₹ कविता भी खूब सराही गई लखनऊ से पधारे युवा गीतकार सोमनाथ कश्यप के गीत जिंदगी में सफलता के मानव गढ़ों ,आचरण में स्वय बुद्ध एवं नानक गढ़ों₹ एवं उनके द्वारा पढ़े गए प्रेम गीत पर युवा श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई,हास्य रस के राष्ट्रीय गीतकार मधुप श्रीवास्तव ₹नर कंकाल₹ के महिला आरक्षण बिल बनाने से क्या होगा,विपक्षियों के आगे बिलबिलाने से क्या होगा ,जब तुम लोगों के जीवन में महिलाए नहीं तो, बेकार में मुद्दा उठाने से क्या फायदा₹ को भी खूब सराहना मिली... गीतकार पवन प्रगीत हरदोई,रामकिशोर वर्मा,उन्नाव,सागर उन्नावी,अंकिता शुक्ला,के करुण श्रृंगार,व्यंग्य,हास्य गीतों पर रात्रि 2 बजे तक ग्रामीणांचल के श्रोता भाव विभोर होकर सुनते रहे लगभग एक दशक से आयोजित हो रहा ग्रामीणांचल का यह कवि सम्मेलन नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## परिवहन विभाग ने चलाया अभियान तेज आवाज वाले वाहनों पर की कार्यवाही

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के तहत संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर और तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न के खिलाफ कार्रवाई की गई।अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन प्रथम) संजीव कुमार सिंह, यात्री एवं मालकर अधिकारी और यातायात निरीक्षक सुनील सिंह ने किया। टीम में सहायक यातायात निरीक्षक तिलक सिंह सहित दोनों विभागों के कर्मचारी शामिल थे।जांच उन्नाव बाईपास के नीचे और हरदोई तिराहे के पास की गई। यहाँ विशेष रूप से बुलेट मोटरसाइकिलों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर की जांच हुई। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर दो वाहनों का चालान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि तेज आवाज वाले साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न ध्वनि प्रदूषण बढ़ाते हैं, जिससे आम लोगों को असुविधा होती है।हरदोई तिराहे पर स्थित दुपहिया वाहन गैराजों का भी निरीक्षण किया गया। गैराज संचालकों को मॉडिफाइड साइलेंसर न लगाने और ऐसे उपकरणों का विक्रय न करने के सख्त निर्देश दिए गए। उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, उन्नाव में दुपहिया और चारपहिया वाहन गैराज व वर्कशॉप मालिकों की बैठक आयोजित की गई। इसमें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) श्वेता वर्मा और प्रवर्तन द्वितीय की अधिकारी प्रतिभा गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी को मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न का उपयोग न करने तथा ग्राहकों को भी इस बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से भी नियमों का पालन करने और शांत वातावरण बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

## पति-पत्नी के 14 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं नीतू सिंह जनपदीय अध्यक्षा वामा सारथी की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 04, थाना बांगरमऊ, थाना सोहरामऊ से 02-02, थाना कोतवाली सदर, थाना आसीवन, थाना पुरवा, थाना हसनगंज, थाना फतेहपुर चौरासी थाना सफीपुर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य



में डॉ0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में सबिहा उमर, संजय चौरसिया, डा0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 अबसार अली, डा0 सगीर अहमद तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला हेल्पडेस्क संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, उप निरीक्षक मिथलेश वर्मा ,महिला आरक्षीगण अंशू रानी, नीतू सिंह विनिमय, सोनम, सेविका, तरूण शकुंतला, लक्ष्मी दुर्गेश जितेन्द्र यादव शिखा, का मानवेन्द्र, राधिका का विशेष योगदान रहा।

## बिना उपचार किए रिफर अस्पताल परिसर में दर्द से तड़पती रही गर्भवती महिला

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। जिला अस्पताल में एक गर्भवती महिला को कथित तौर पर बिना उचित उपचार दिए ही हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। आरोप है कि महिला अस्पताल परिसर में करीब 15-20 मिनट तक दर्द से तड़पती रही। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला को उसके परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए थे। परिजनों का आरोप है कि वहां मौजूद महिला डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार दिए बिना ही उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।रेफर किए जाने के बाद महिला अस्पताल के बाहर ही एंबुलेंस का इंतजार करती रही और तेज दर्द से कराहती दिखी।प्रत्यक्षदर्शियों के



मुताबिक, महिला की हालत लगातार बिगड़ रही थी, लेकिन एंबुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी।

करीब 15 से 20 मिनट तक महिला को स्ट्रेचर या जमीन पर दर्द से तड़पते देखा गया, जिससे वहां मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि महिला को समय रहते प्राथमिक उपचार या आवश्यक सहायता मिल जाती, तो उसे इतनी पीड़ा नहीं झेलनी पड़ती। इस मामले पर अस्पताल प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, घटना की जांच की जा सकती है और संबंधित डॉक्टर से स्पष्टीकरण मांगा जा सकता है।

## खड़े गेहूं की फसल में लगी आग, दस बीघा जलकर राख

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के हमीरपुर व मुनाऊखेड़ा गांवों के मध्य रविवार दोपहर में गेहूं के खेतों में खडी.फसल में आग लग गई। जिससे किसानों के लगभग 10 बीघा फसल जल गई ।वहीं अन्य किसानों के खेत मे पडा.भूसा जल गया । आग की लपटें देख ग्रामीण आग भुझाने का प्रयास किया आग पर काबू न मिलने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी । फायर ब्रिगेड के पहुंचने से आग लगभग कई बीघे खेतों मे फैल गई ।फायर ब्रिगेड के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका ।आग लगने से महेश, कमलेश, रामसेवक, गंगा प्रसाद सहित अन्य किसानों का नुकसान हुआ है । वही आग की दूसरी घटना क्षेत्र के ग्राम महेशखेड़ा मे हुई जहां अज्ञात कारणों से खेतों मे पड़ी गेहूं की पराली मे आग लगने से कई बीघा क्षेत्र मे आग फैल गई ? ।जिससे आग विकराल रुप लेकर जलने लगी । आग लगने से दो दर्जन से अधिक किसानो के भूसा व पराली जल गई । सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदत से आग पर काबू



पाया जा सका । इस सम्बन्ध मे जानकारी करने पर एसडीएम ने बताया कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है ।राजस्व टीम भेज कर नुकसान का आकलन करवा कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी ।

## भगवान परशुराम जयंती पर विभिन्न स्थानों पर हुआ भव्य आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव। मंगत खेड़ा मंदिर निर्माण केलिए भूमि स्वीकृतसर्व सनातन उत्थान सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा आज भगवान परशुराम जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला उन्नाव इकाई के पदाधिकारी विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।



कार्यक्रम में कई सामाजिक व अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। ग्राम मंगत खेड़ा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मनोज द्विवेदी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस दौरान किसान उत्थान सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय पांडे, विधानसभा पुरवा अध्यक्ष बाल जी पांडे अमित शर्माअर्पित पांडे तथा जिला महामंत्री पवन तिवारी की भी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी लाल लोधी एवं सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने ग्राम मंगत खेड़ा में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण के लिए भूमि की मांग की। जिस पर ग्राम प्रधान मनोज द्विवेदी ने सहमति देते हुए भूमि उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की।समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने बताया कि जल्द ही ग्राम मंगत खेड़ा में भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कर इसे पूर्ण कराया जाएगा।इस घोषणा से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## हवन पूजन ,कन्या भोज भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ स्थापना दिवस



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के मुक्तेमऊ गांव में अभय दाता धाम मंदिर का 12वा स्थापना दिवस मनाया गया , स्थापना दिवस के दौरान आचार्यो ने विधिवत हवन पूजन के साथ भगवान का पूजन किया ।हवन पूजन के बाद कन्याभोज के साथ भंडारे का शुभारंभ किया ,भण्डारे में पहुंचे विधयाक अनिल सिंह ने प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्मिक कार्यक्रम होने से ईश्वर के प्रति लोगो की आस्था तो बढ़ती ही है लेकिन भंडारे आदि के दौरान लोगो मे समरसता व आपसी भाईचारे में भी प्रगाढ़ता आती है ,इस तरह के कार्यक्रमो में लोगो को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए । कार्यक्रम के आयोजक ज्ञानेंद्र सिंह विधयाक को प्रतीक चिन्ह देते हुए सभी का आभार प्रकट किया ।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख आनन्द गुप्ता महेंद्र लोधी , दीपांशु चौधरी , सरनाम सिंह , बिंदा पांडेय , चमन।सिंह , नागेंद्र सिंह सहित सैकड़ों छेत्र वासी उपस्थित रहे ।

## विशेष विचार विमर्श गोष्ठी का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। जनपद में कमेरा स्वाभिमान महासंघ के प्रतिनिधियों की महासंघ के विस्तार हेतु विशेष विचार विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया । आयोजित विशेष विचार विमर्श गोष्ठी महासंघ के जनपद संयोजक एवं संचालन गजेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर विचार विमर्श गोष्ठी में नामित पदाधिकारियों ने उपस्थिति होकर पदभार ग्रहण किया जिन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष एसपी वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव अवधेश कटियार एवं प्रदेश महासचिव प्रेम शंकर चौधरी द्वारा पुष्प गुच्छ,स्मृति चिह्न एवं डायरी के साथ सम्मानित किया गया, साथ गठित कार्यसमिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी कराया गया,जिसमें जिला अध्यक्ष रामबाबू सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश कुमार वर्मा,उपाध्यक्ष अनिल कुमार पटेल,महासचिव राजेश कुमार पटेल, वित्त सचिव बनवारी लाल वर्मा,संगठन सचिव हरिशंकर पटेल ,प्रचार सचिव धनीराम वर्मा ,लेखा निरीक्षक आलोक कुमार पटेल, आदि पदाधिकारियों को पदीय दायित्वों की जिम्मेदारी दी गई ।कार्यक्रम में निम्नलिखित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से महानुभावों में डा.ब्रह्मा सिंह,जय कृष्ण वर्मा,श्रवण कुमार पटेल, अनुराग सिंह, रूलेन्द्र सिंह बबलू कटियार, लवकेश वर्मा, राजेंद्र बाबू, विवेक पटेल, विजय कुमार, अवनीश कुमार सिंह ,दिनेश चंद्र वर्मा ,सुधाकर वर्मा,श्रवण कुमार वर्मा ,राहुल कटियार,राकेश कुमार पटेल, रवीन्द्र कटियार,सुधीर पटेल, श्याम लाल वर्मा भीम सिंह पटेल, दिनेश वर्मा सहित लगभग 50 लोगों ने उपस्थित होकर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयकृष्ण सिंह एवं संचालन गजेन्द्र सिंह ने किया।

## डीसीए द्वारा किया गया क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन

**अमन लेखनी समाचार**


उन्नाव। असोहा क्षेत्र के कुटीबीर धाम पर दो दर्जन से अधिक 16 वर्ष से 23 वर्ष के बीच युवा क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन नाम के सहित पंजीकरण किया गया इस मौके पर उपस्थित संस्था के जॉवइंट सेक्रेटरी राजेश चौधरी ने बताया कि वह जिस संस्था के बैनर के नीचे पूरी तहसील क्षेत्र के हर ब्लाक के होन हार क्रिकेट खेलने वाले बालकों का चयन करने के बाद तहसील क्षेत्र के अन्य ब्लॉक असोहा हिलौली पुरवा के मध्य क्रिकेट का मैच करने के बाद तहसील स्तर पर एक सशक्त टीम तैयार कर ऊपर तक ले जाने की तैयारी कर रहे हैं इस क्षेत्र का कोई क्रिकेट प्रेमी जो खेल की भावना से क्रिकेट खेलना चाहता है जिसकी आयु 16 से 23 वर्ष हो वह इस संस्था की योजना में भागीदारी कर





सकता है असोहा क्षेत्र केकांथा ,असोहा , चौपाइ , कालूखेड़ा , दतौली , हसनापुर , कन्दरपुर सहित अन्य गांवों से तीन दर्जन खिलाड़ियों में 27 खिलाड़ियों का पंजीकरण कर क्रिकेट संस्था डी सी ए के बैनर के नीचे खेलने में अपना नाम लिखाया है पहली बार किसी संस्था द्वारा निचले स्तर पर क्रिकेट प्रेमियों का हौसला बढ़ाने की मंशा से उठाए गए कदम से बच्चों में गजब का उत्साह दिखाई दिया इस मौके पर पुरानी क्रिकेट खेलने वाले अजय पिंकू सहित कई पूर्व क्रिकेटरों ने जॉइंट सेक्रेटरी के कार्य की सराहना की तथा आगे भविष्य में उनका हर प्रकार का सहयोग देने की बात कही ।

## दो दिनों से विद्युत आपूर्ति पड़ी ठप उपभोक्ता परेशान



**अमन लेखनी समाचार**

औरास, उन्नाव। क्षेत्र की ग्राम पंचायत अरसेना के मजरा नेवरा घाट में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है। इससे क्षेत्र में गंभीर बिजली संकट बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि मियागंज उपकेंद्र के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस समस्या के समाधान में उदासीनता बरत रहे हैं। गर्मी के मौसम में बिजली की अनियमित आपूर्ति से लोगों की परेशानी दोगुनी हो गई है। ज्ञानेंद्र यादव, राजकुमार वर्मा, कोरल यादव, सुशील वर्मा और बेचान गौतम सहित कई स्थानीय निवासियों ने अपनी व्यथा व्यक्त की है। क्षेत्र के निवासियों ने विद्युत विभाग से इस समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की है। विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## ठेला लगाने को लेकर हुई मारपीट दो युवक घायल

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान चाट विक्रेता और बीच-बचाव करने आए एक पीआरडी जवान पर हमला किया गया, जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना रविवार को मरहला चौराहा के पास हुई। आजाद नगर निवासी राम केश चाट और पानी बताशे का ठेला लगाते हैं। बताया जा रहा है कि उसी स्थान पर ठेला लगाने को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। रविवार को कुलदीप नामक युवक और उसके साथ 7 अज्ञात व्यक्तियों ने राम केश के साथ कहासुनी के बाद मारपीट शुरू कर दी।मारपीट में राम केश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचित किया। जब राम केश को मेडिकल के लिए ले जाया जा रहा था, तभी पीआरडी जवान धर्मेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने पीआरडी जवान के साथ भी अभद्रता करते हुए उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें भी चोटें आईं।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में किया। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। मारपीट में राम केश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचित किया। जब राम केश को मेडिकल के लिए ले जाया जा रहा था, तभी पीआरडी जवान धर्मेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने पीआरडी जवान के साथ भी अभद्रता करते हुए उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें भी चोटें आईं।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में किया। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी दीपक यादव ने बताया कि मारपीट और सरकारी कर्मचारी पर हमला करने के मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

## सम्पादकीय

# महंगाई पर नियंत्रण,जीडीपी ग्रोथ में संतुलन आवश्यक

खाड़ी देशों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। मार्च में थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) का 3.88% तक पहुंच जाना केवल एक सांख्यिकीय वृद्धि नहीं, बल्कि आने वाले समय की आर्थिक चुनौतियों का संकेत है। फरवरी के 2.13% के मुकाबले 1.75% की यह तेज बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि महंगाई का दबाव फिर से उभर रहा है। खासतौर पर यह तब और महत्वपूर्ण हो गया है, जब यह आंकड़ा पिछले 38 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। थोक महंगाई दर को अक्सर भविष्य की खुदरा महंगाई का संकेतक माना जाता है। ऐसे में यह स्थिति नीति-निर्माताओं के लिए दोहरी चुनौती लेकर आती है। एक ओर विकास की रफ्तार को बनाए रखना तथा दूसरी ओर महंगाई पर नियंत्रण रखना, इन दोनों में संतुलन बेहद जरूरी है। बढ़ती महंगाई के पीछे प्रमुख कारणों में खाड़ी क्षेत्र का तनाव भी शामिल है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक खाड़ी देशों पर निर्भर है। कच्चा तेल, गैस और उर्वरकों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। जब इस क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ती है, तो वैश्विक बाजार में इन संसाधनों की कीमतों में उतार-चढ़ाव आता है, जिसका सीधा असर लागत और महंगाई पर पड़ता है। हालांकि, इस चुनौती के बीच भारत के लिए अच्छी बात यह है कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल जनसंख्या और मजबूत घरेलू मांग है। देश में उत्पादित वस्तुओं की खपत करने की क्षमता ही विकास के पहिए को निरंतर गति देती है। यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत अपेक्षाकृत स्थिर बना रहता है। इसके अलावा, भारत ने हाल के वर्षों में अपने आयात और निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय विविधिकरण किया है। खाड़ी देशों पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के तहत भारत ने अफ्रीका, यूरेशिया और अन्य उभरते बाजारों की ओर रुख किया है। इससे न केवल ज्वेलरी जैसे भारतीय उत्पादों को नए बाजार मिले हैं, बल्कि ऊर्जा और उर्वरक जैसे आवश्यक संसाधनों के लिए वैकल्पिक स्त्रोत भी विकसित हुए हैं। यह रणनीति लंबे समय में भारत को वैश्विक झटकों से बचाने में सहायक साबित हो सकती है। खाड़ी क्षेत्र में किसी भी तरह की बड़ी अस्थिरता का असर तुरंत वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ता है। यदि कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो इसका असर परिवहन, उत्पादन और अंततः हर उपभोक्ता वस्तु की कीमत पर पड़ता है। यही 'कॉस्ट-पुश इंफ्लेशन' का सबसे बड़ा खतरा है। बता दें कि मार्च 2026 में 3.88% की वृद्धि का मुख्य कारण कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेज वृद्धि है। इस अवधि में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में लगभग 45% और प्राकृतिक गैस में 69% तक का उछाल देखा गया। हालांकि अब अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता शुरू होने और युद्ध बंद होने के बाद दोनों देशों ने दोबारा वार्ता शुरू करने और युद्ध नहीं करने की इच्छा जताई है। देर से ही सही, दोनों देश किसी न किसी अंतरिम समझौते पर पहुंच ही जाएंगे। यह दुनिया को राहत देने वाला होगा। इससे तेल की कीमतों में नरमी आएगी और देश में तेल महंगा नहीं होगा। महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। खाड़ी तनाव के इस दौर में भारत के सामने चुनौती जरूर है, लेकिन उसकी आर्थिक नीतियों की मजबूती, विविधीकरण की रणनीति और घरेलू मांग की ताकत यह भरोसा भी दिलाती है कि देश इस परीक्षा से पार पा सकता है। जरूरत सिर्फ संतुलन, सतर्कता और सही दिशा में निरंतर प्रयास की है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

हर्षिता पांडेय



# छत्तीसगढ़ बना एक बेहतर मॉडल

भारत का लोकतंत्र अक्सर अपनी विशालता और विविधता पर गर्व करता है, लेकिन इस चमकदार तस्वीर के भीतर एक गहरी असमानता लंबे समय से मौजूद रही है। यह असमानता है महिलाओं की राजनीति में अपर्याप्त भागीदारी की। देश की आधी आबादी होने के बावजूद सत्ता के केंद्र में उनकी उपस्थिति हमेशा सीमित रही। ऐसे में, नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधायी बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की संरचना में सुधार का ऐतिहासिक प्रयास है। यह अधिनियम उस गहरी खाई को पाटने की कोशिश है, जो प्रतिनिधित्व और वास्तविक सामाजिक संरचना के बीच वर्षों से बनी हुई थी। छत्तीसगढ़ इस बदलाव का अग्रदूत बन सकता है। यहां पहले से मौजूद जमीनी नेतृत्व एक मजबूत आधार है। यदि महिलाओं को गंभीरता से ग्रामीण नेतृत्व को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक लाया जाए तो प्रशिक्षण, क्षमता संवर्धन और संसाधनों के प्रभावी उपयोग से यह राज्य महिला नेतृत्व का राष्ट्रीय मॉडल बन सकता है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं है, बल्कि लोकतंत्र को संतुलित बनाने की दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम है। यह उस सोच को बदलने का प्रयास है, जिसमें महिलाओं को केवल मतदाता या लाभार्थी के रूप में देखा जाता था। अब वे नीति निर्धारक बनेंगी, सत्ता की भागीदार बनेंगी और भारत के विकास की दिशा तय करेंगी। लेकिन इस परिवर्तन की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या समाज अपनी सोच बदलता है, अवचेतन पूर्वाग्रहों, पुरानी धारणाओं और मौन पक्षपातों का त्याग कर पाएगा, उन असंख्य अनसुनी आवाजों को मजबूत स्वर क्या सिस्टम दे पायेगा, राजनीतिक दलों को भी निः शर्त अपनी रणनीति बदलनी ही होंगी। सबसे बड़ा विषय महिलाओं को स्वयं इस स्वर्णिम अवसर को सशक्त नेतृत्व में बदलना हैं। जब ये तीनों पहलू एक साथ आगे बढ़ेंगे, तभी भारत का लोकतंत्र वास्तव में समावेशी और संतुलित दिखाई देगा। छत्तीसगढ़ ने यह साबित कर दिया है कि यदि अवसर और विश्वास दिया जाए तो महिलाएं न केवल भागीदारी निभा सकती हैं, बल्कि नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ सकती हैं। हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं, लेकिन यह बदलाव एक नई दिशा की ओर संकेत करता है। जब यह जमीनी सशक्तिकरण राज्य और राष्ट्रीय स्तर की राजनीति से जुड़ जाएगा, तब भारत का लोकतंत्र वास्तव में संतुलित और समावेशी बन सकेगा। नारी शक्ति की यह यात्रा अब केवल शुरुआत नहीं, बल्कि एक स्थायी परिवर्तन की ओर बढ़ता कदम है।

***नारी शक्ति वंदन अधिनियमः एक ऐतिहासिक मोड़ :*** साल 2023 में पारित 106वां संविधान संशोधन, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में जाना जाता है, भारतीय राजनीति में एक नई दिशा तय करता है। इसके तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। यह यात्रा बताती है कि महिलाओं के अधिकारों का सवाल केवल नीतिगत नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति का भी विषय रहा है।

***छत्तीसगढः जमीनी बदलाव से उभरता नेतृत्व :*** राष्ट्रीय परिदृश्य के बीच छत्तीसगढ़ एक अलग कहानी प्रस्तुत करता है। यहां महिला नेतृत्व की जड़ें गांवों और स्थानीय निकायों में मजबूत हुई हैं। पंचायत और नगरीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण ने हजारों महिलाओं को नेतृत्व का अवसर दिया। यह केवल औपचारिक भागीदारी नहीं रही, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका का मार्ग बना। बिलासपुर, सरगुजा और कोरबा जैसे क्षेत्रों में महिलाएं अब योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर सामाजिक मुद्दों तक में निर्णायक हस्तक्षेप कर रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में इनके नेतृत्व ने ठोस बदलाव दिखाए हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में 90 में से 19 महिलाएं विधायक चुनी गईं। यह लगभग 21 प्रतिशत प्रतिनिधित्व है, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है।

***छत्तीसगढ की बढतः आधी आबादी का बढता हस्ताक्षर :*** देश में महिला प्रतिनिधित्व की चर्चा जब भी होती है, छत्तीसगढ़ का नाम अब अग्रणी राज्यों में लिया जाता है। पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में यहां महिलाओं की भागीदारी ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पिछले चुनावों में राज्य में 54.78 प्रतिशत महिलाएं निर्वाचित हुईं। यह केवल बहुमत नहीं, बल्कि यह संकेत है कि अब महिलाएं लोकतंत्र के हाशिए की नहीं, बल्कि केंद्र की भूमिका में आ रही हैं। पंचायत चुनावों में निर्वाचित 1.70 लाख से अधिक जनप्रतिनिधियों में 93 हजार से ज्यादा महिलाएं चुनी गईं। यह संख्या अपने आप में बताती है कि महिलाओं ने केवल भागीदारी नहीं, बल्कि निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराई है। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में यह आंकड़ा 50 प्रतिशत के आसपास है, जो यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ ने इस क्षेत्र में एक कदम आगे बढ़ाया है।

***स्थानीय लोकतंत्र का नया चेहरा :*** छत्तीसगढ़ के गांवों और शहरों में अब एक नई तस्वीर उभर रही है। महिलाएं केवल औपचारिक पदों पर नहीं हैं, बल्कि वे विकास योजनाओं की निगरानी कर रही हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दे रही हैं। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। जनप्रतिनिधियों का मानना है कि सरकार की योजनाओं ने महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया है।



अधिनियम

नितिन नवीन

# सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और अब भागीदारी

> यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया।

निश्चित ही यह अवसर ऐतिहासिक है। आज से भारतीय संसद तीन दिवसीय सत्र में एक ऐसे युगांतरकारी विधेयक पर चर्चा कर रही है, जो हमारे विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार की यह पहल सभी राजनीतिक दलों के समर्थन की उम्मीद रखती है। यह उम्मीद इसलिए है क्योंकि यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो।

प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया। हमारी सरकार ने महिलाओं के जीवन के हर चरण में उनके सशक्तिकरण के लिए योजनाओं का एक व्यापक तंत्र तैयार किया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ-बेटियों के प्रति सोच बदली, उनका आत्मविश्वास और अवसर दोनों बढ़े।

मुद्रा योजना-महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया।

प्रधानमंत्री आवास योजना-घर की लक्ष्मी को घर का मालिकाना अधिकार मिला।

सुकन्या समृद्धि योजना- बेटियों का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित हुआ।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना - महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जीवन स्तर बढ़ा।

मिशन इंद्रधनुष - टीकाकरण से माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और सुरक्षित जीवन की नींव मजबूत हुई।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना - गर्भवती माताओं को पोषण और आर्थिक सहारा मिला, जिससे उनका स्वास्थ्य सुदृढ़ हुआ।

ट्रिपल तलाक - मुस्लिम महिलाओं को अन्याय से मुक्ति मिली और उनका आत्मसम्मान व अधिकार मजबूत हुए।

नल से जल - घर तक जल पहुंचने से महिलाओं का जीवन अधिक सहज हुआ।

लखपति दीदी - महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनीं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ीं। यह सब उदाहरण, महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का ही प्रमाण है। अब नीति-निर्धारण में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए प्रधानमंत्री मोदी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लेकर आए हैं।

यह केवल आश्वासन नहीं है, उनकी स्पष्ट दृष्टि है कि वर्ष 2029 से संसदीय प्रणाली में महिलाओं की 33 प्रतिशत मौजूदगी रहे, वे सशक्त हों, नीति निर्धारण में उनकी सशक्त भूमिका हो और वे देश की मुखर आवाज बनें। ध्यान दिया जाए तो पता लगेगा कि यह संसद में



महिलाओं की संख्या को बढ़ाने मात्र का ऊपरी प्रयास नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक परम्परा और एक शब्द में कहें तो उस आधुनिक सनातनी विचार प्रणाली में एक शोधन है, जिसकी बुनियाद में गार्गी, मैत्रेयी, अरुंधती, अपाला, घोषा, विश्ववारा, सुलभा, सीकता और शाश्वती आदि अनेक ऋषि-नारियों ने वेद संहिताओं के रचने से लेकर जीवन के अनेक क्षेत्रों में अपनी सूक्ष्म दृष्टि, उदात्त चिन्तन और विलक्षण मेधा का परिचय दिया है।

आधुनिक भारत के निर्माण की पृष्ठभूमि में जहां अहिल्याबाई जैसी उदार चेता राजमहिषी ने अपने प्रशासनिक कौशल और जनकल्याण के मानक स्थापित किए, वहीं झांसी की रानी ने मातृभूमि और राष्ट्र प्रेम के लिए अपने प्राणोत्सर्ग से विश्व इतिहास में भारतीय नारियों के बलिदान-भाव की मिसाल कायम की। वर्तमान भारत के निर्माण में भी हमारी बेटियों का योगदान अद्वितीय है। सावित्रीबाई फुले के समाज सुधार, डॉ. आनंदी गोपाल जोशी के चिकित्सा संघर्ष से, 'मिसाइल वुमन' टेसी थॉमस के वैज्ञानिक पराक्रम तक, हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। खेल के मैदान में पी.वी. सिंधु, मैरीकॉम और मिताली राज और साइना नेहवाल ने तिरंगे की शान बढ़ाई है, तो कला और संगीत के संसार में लता मंगेशकर और आशा भोसले जैसी सुर साम्राज्ञियों ने अपनी स्वर साधना से विश्व में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। यह सूची अनंत है, जो प्रमाणित करती है कि स्त्री शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका में है। संसद में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित करने का यह निर्णय 'वैदिक गरिमा' और 'आधुनिक प्रगति' का सुंदर संगम है। इसमें 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' की पवित्र भावना शामिल है।

यह विधेयक उन करोड़ों माताओं-बहनों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने परिवार और समाज के निर्माण में स्वयं को खपा दिया। इस बदलाव का क्रांतिकारी प्रभाव हमारे ग्रामीण भारत पर पड़ेगा, जहां महिलाएं अब नेतृत्वकारी भूमिका में उभरेंगी। यह सक्रिय भागीदारी सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा वातावरण बनाएगी, जहां बेटियां केवल सपने नहीं देखेंगी, बल्कि उन्हें साकार करने का सामर्थ्य और वैधानिक अधिकार भी रखेंगी। इस विधेयक को लेकर सरकार की मंशा कितनी पवित्र है, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी एक पार्टी के एजेंडा की जीत नहीं, बल्कि सभी के प्रयासों की जीत है। सारा क्रेडिट हिंदुस्तान के सभी राजनीतिक दलों को है, जो पिछले तीन-चार दशकों से लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। हमारी संसद देश के प्रबुद्ध और उत्तरदायी जनप्रतिनिधियों का मंदिर है। राष्ट्र की जनता हमारी हर गतिविधि और सरोकार को सूक्ष्मता से परखती है।

माननीय सांसदों से यह विनम्र अपेक्षा है कि वे राष्ट्र के सामूहिक मन को समझें। आज समय की मांग है कि हम दलगत सीमाओं से ऊपर उठें। एक विनम्र कार्यकर्ता और इस महान संस्था के सदस्य के नाते मेरी अपील है कि इस नारीशक्ति के सामर्थ्य और स्वालंबन के 'अभिषेक अनुष्ठान' में अपने समर्थन की आहूति अर्पित करें। यह सामूहिक प्रयास ही यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य का भारत न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक न्याय और नारी गौरव के मामले में भी विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम है। हमारा सामूहिक प्रयास ही समर्थ और सशक्त भारत के निर्माण में मातृशक्ति की निर्णायक भूमिका तय करेगा।

# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित

दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं। आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित

प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोला- अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछा- आप कौन हैं? सर्प ने कहा- अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूं। उस तक पहुंचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूं। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहा- भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहा- कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समाज को जोड़ने की ताकत रखती है कला

प्रतिवर्ष 15 अप्रैल विश्व कला दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व कला दिवस हमें यह सिखाता है कि कला केवल सौंदर्य नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, समझने और बदलने की ताकत भी रखती है। कला ने विकास, क्रांति, स्वतंत्रता और रचनात्मकता के संदेशों को संप्रेषित करने और वैश्विक मुद्दों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कला में वह ताकत है जो हमें जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियों में भी एकजुट और संलग्न कर सकती है। कला केवल एक सुंदर चित्र या पेंटिंग मात्र ही नहीं है, बल्कि यह तो हमारे समाज की धड़कन है, स्थानीय और वैश्विक समुदायों में वे जो परिवर्तन देखना चाहते हैं, उसका हृदय है। वास्तव में यह दिन कला और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का है।

*- मदन शर्मा, धमतरी*

## करंट अफेयर

# कैलिफोर्निया विधानसभा ने बैसाखी को दी मान्यता

कैलिफोर्निया विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर बैसाखी को सिख-अमेरिकियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक के रूप में मान्यता दी है और राज्य के लोगों को बैसाखी के पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह प्रस्ताव विधानसभा सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश किया गया, जिसे 80 सदस्यीय सदन में से 76 सदस्यों का समर्थन मिला और इसे बैसाखी की पूर्व संध्या पर सोमवार को पारित किया गया। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया,



## ऑफ बीट

# कैसे स्तनपायी युग समाप्त हुआ होगा

पिछले 50 करोड़ वर्षों में हमारे ग्रह ने कुल पांच बार जीवों की विशाल महाविलुप्ति देखी है। इनमें से पर्मियन-ट्राइऐसिक विलुप्ति घटना में पृथ्वी की तत्कालीन करीब 90 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो गई थीं। इनमें से अधिकांश घटनाएं एक 'सुपरकॉन्टिनेंट' के निर्माण के साथ मेल खाती हैं, जहा पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेटें धीरे-धीरे एक साथ आती हैं और संयोजित होती हैं। वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान है कि पृथ्वी के महाद्वीप अगले 25 करोड़ साल में फिर से एक साथ मिलकर 'सुपरकॉन्टिनेंट' बनाएंगे जिसे 'पैंजिया अल्टिमा' नाम दिया गया है। इसका संकेंद्रण विषुवत रेखा के पास होगा और यह गर्म महाद्वीप होगा।



## ट्रेंड

### करुणा की भावना



तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, वह करुणा, ईमानदारी और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण का स्थान नहीं ले सकती। करुणा की भावना को हमेशा बनाए रखें, क्योंकि यही आपको न केवल अच्छा डॉक्टर बनाती है, बल्कि एक अच्छा इंसान भी बनाती है।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### हादसे की जांच जरूरी



छत्तीसगढ़ स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए भयावह हादसे की खबर बेहद दुखद है। इस घटना की गहन जांच होनी चाहिए। हमारे श्रमिक भाइयों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हू कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### संशोधन विधेयक



कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिला आरक्षण का समर्थन करती रही है। हालांकि, एनडीए सरकार द्वारा महिला आरक्षण की आड़ में 131वें संवैधानिक संशोधन विधेयक को जल्दबाजी में पारित करने की तैयारी से स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### महिलाओं की सुरक्षा



भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में सामूहिक बलात्कार की शिकार एक दलित लड़की ने न्याय न मिलने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाजपा शासन में महिलाओं की सुरक्षा की यही वास्तविकता है; बाकी सब दिखावा और झूठा प्रचार है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

# जांच के नाम पर नेपाली सुरक्षा कर्मियों का अमानवीय व्यवहार, आम जनता में रोष

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच।भारत-नेपाल सीमा पर इन दिनों नेपाली सुरक्षा बलों द्वारा जांच के नाम पर आम नागरिकों के साथ कथित अमानवीय व्यवहार किए जाने के आरोप सामने आए हैं। सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों ने इस मामले को लेकर नाराजगी जताते हुए नेपाल सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भारत और नेपाल के बीच रोटी-बेटी का संबंध सदियों पुराना है।दोनों देशों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक रिश्ते बेहद गहरे हैं। लाखों भारतीय बेटियां नेपाल में तथा नेपाली बेटियां भारत में विवाह के माध्यम से जुड़ी हुई हैं।यही कारण है कि यह सीमा अन्य देशों की सीमाओं की तरह नहीं, बल्कि मित्रता और आपसी विश्वास की सीमा मानी जाती है ।सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग दोनों देशों के बीच आवागमन करते हैं। नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोग वर्षों से अपनी रोजमर्रा की जरूरतों का सामान भारतीय बाजारों से खरीदते रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार नई सरकार के गठन के बाद सीमा पर तैनात कुछ सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार में बदलाव देखने को मिला है ।आरोप है कि जांच के दौरान महिलाओं द्वारा खाने-पीने की वस्तुएं और दैनिक उपयोग का सामान ले जाने पर उसे जब्त कर लिया जाता है। कई बार महिलाओं के साथ अभद्रता और धक्का-मुक्की की घटनाएं भी सामने आई हैं। लोगों का कहना है कि कुछ मौकों पर सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को हाथापाई करते हुए भी देखा गया है, जिससे आम नागरिकों में भय और असंतोष का माहौल बन गया है ।स्थानीय नेपाली नागरिकों ने अपनी सरकार से मांग की है कि भारत जैसे मित्र देश के साथ साझा सीमा पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को आम लोगों के साथ मित्रतापूर्ण भाषा और मानवीय व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि दोनों देशों के बीच वर्षों पुराना भाईचारा और विश्वास कायम रह सके ।सीमावर्ती जनता का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं दोनों देशों के मधुर संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं, इसलिए इस मामले में शीघ्र उचित कदम उठाया जाना आवश्यक है।

# दिव्यांग से अभद्रता करना पड़ा भारी संविदा परिचालक की सेवा समाप्त

## आठ माह की कड़ी लड़ाई लड़ने के बाद वरुण कुमार गुप्ता को मिला न्याय

मिथिलेश जायसवाल

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। रोडवेज बस परिचालक द्वारा एक मूक बधिर दिव्यांग से अभद्रता किए जाने तथा दिव्यागता प्रमाण पत्र होने के बावजूद उसका किराया वसूलने के आरोप की हुई जांच के बाद संविदा परिचालक को नौकरी से निकाल दिया गया है। दिव्यांग ने आठ माह की कड़ी लड़ाई लड़ी अधिकारियों ने भी गुमराह करने का खूब प्रयास किया है लेकिन आखिर में दिव्यांग मूक बधिर की जीत हुई और संविदा परिचालक को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी। तहसील मिहींपुरवा मोतीपुर के ग्राम पंचायत उर्रा बाजार निवासी वरुण कुमार गुप्ता 90 फीसदी मूक बधिर दिव्यांग है ।17 अगस्त 2025 को वरुण कुमार गुप्ता अपनी 10 वर्षीय पुत्री उन्नति के साथ बहराइच से लखनऊ जा रहे थे बस संख्या यूपी 78 एल एन 1347 के परिचालक ने दिव्यांग कार्ड को मानने से इनकार कर दिया बच्ची के रोने पर पिता ने मजबूरी में पैसे देकर टिकट लिया ।इसकी शिकायत पीड़ित ने पहले तो एआर एम बहराइच से की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई ।इसके बाद पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान लेने पर आर एम देवी पाटन गोंडा ने जांच बिठाई जांच अधिकारी ने 28 फरवरी 2026 को दोनों पक्षों को सुना पीड़ित की पुत्री उन्नति ने बयान दिया कि पापा के यूडी आईडी कार्ड दिखाने पर कंडक्टर ने बस से उतरने को कहा मैं रोने लगी तब पापा ने टिकट कटवाया। जांच में परिचालक को दोषी पाया गया दोषी मिलने के बाद यूपीएसआरटीसी के आदेश के बाद सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने संविदा परिचालक की सेवा समाप्त कर दी है तथा जमा प्रतिभूत धनराशि जब्त कर ली है मूक-बधिर दिव्यांग वरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि आठ माह की लंबी लड़ाई लड़ने के बाद न्याय मिला है ।उन्होंने कहा मैं बोल और सुन नहीं पाता हूं लेकिन कानून पर मुझे पूरा भरोसा था ।आपको बताते चलें कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत धारा 92 के तहत दिव्यांग का अपमान करने पर 6 महीने से 5 साल तक की जेल में पांच लाख रुपए तक का जुमार्ना निर्धारित है।

## संक्षेप

### ट्रक-पिकअप की टक्कर, साइकिल सवार की मौत

#### हादसे में चार घायल, दो जिला अस्पताल रेफर

अमेठी , तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप की टक्कर में एक साइकिल सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई।इस हादसे में पिकअप में सवार दो महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पूरे पाती गांव के पास दोपहर में हुई। एक पिकअप हाईवे से वारिसगंज की तरफ जा रहा था, तभी सुल्तानपुर से लखनऊ जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के दौरान एक साइकिल सवार बुजुर्ग दोनों वाहनों की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान रामपुर लोकराय गांव निवासी जगनारायण के रूप में हुई है।पिकअप में सवार 55 वर्षीय सकीना बानो (गौहर का पुरवा), 45 वर्षीय आसिया (मझगवां), 60 वर्षीय सियाराम (भद्दौर) और 50 वर्षीय राजा (लाला का पुरवा) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को मुसाफिरखाना सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से सकीना बानो और आसिया को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है ।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मुसाफिरखाना कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है और चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### किसान यूनियन ने बीडीओ को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

#### अमेठी में जन समस्याओं के समाधान की मांग, आईटीआई प्रशिक्षण शुरू करने पर जोर

अमेठी, शुकुल बाजार विकास खंड में गुरुवार को किसान यूनियन ने जन समस्याओं को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर एक बैठक की। बैठक के बाद यूनियन ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा ।इस बैठक की अध्यक्षता किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष शेषनाथ तिवारी और देवी दयाल शर्मा ने की। इसमें विभिन्न जन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ज्ञापन में प्रमुख रूप से एक साल से अधिक समय से बने आईटीआई भवन में प्रशिक्षण शुरू न होने का मुद्दा उठाया गया। यूनियन ने मांग की कि विभाग द्वारा जल्द से जल्द प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाए। इसके अतिरिक्त, अन्य जन समस्याओं के समाधान की भी मांग की गई। किसान यूनियन के नेताओं ने बीडीओ से इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर किसान नेता गंगा प्रसाद, रामजियावन, शुभम कशौधन, सुशीला, रामप्रसाद शुक्ला, रामकरन पाल, शिवकुमार, अरुण और बद्री सहित कई अन्य किसान उपस्थित रहे।

# परशुराम जयंती के अवसर पर हुए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। क्षेत्र के ब्राहम्ण युवकों ने स्थानीय श्रीराम जानकी मंदिर बाग प्रांगण में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार की सुबह 10 बजे से हवन प्रारम्भ हुआ।हवन के पश्चात भगवान परशुराम की आरती की गयी। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए महंत भगवान दास ने कहा कि ब्राहम्ण को अपने संस्कार नही भूलने चाहिए। यज्ञोपवीत व तिलक हमारे संस्कारों की पहचान है। इसलिए प्रारम्भ से ही ब्राहम्ण बच्चों को यज्ञोपवीत का महत्व बताना चाहिए।उन्होने कहा कि भगवान परशुराम, महर्षि जमदग्नि व माता रेणुका की संतान थे। शास्त्रों के अनुसार उन्होने भीष्म, द्रोणाचार्य व कर्ण को शस्त्र विद्या सिखाई थी। वे शास्त्र व शस्त्र विद्याओं में पूर्ण पारंगत थे। सभा को कई लोगों ने संबोधित किया। महंत भगवान दास ने सभी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आचार्य राजेश पाण्डेय, विवेक शुक्ल, भीष्म त्रिपाठी, श्याम कुमार



मिश्रा, राधेश मिश्र, धनंजय मिश्र, डा. सनत कुमार शर्मा, वेद प्रकाश त्रिपाठी, गोपाल त्रिपाठी, बलराम शुक्ल, रिंकू अवस्थी, बलराम मिश्र, मोहित शुक्ल, वेद प्रकाश त्रिपाठी व दिवाकर पाठक सहित भारी संख्या में ब्राहम्ण समाज के लोग मौजूद रहे। सभी को अंग वस्त्र उढ़ा कर सम्मानित किया गया व भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया।

# रूपईडीहा चेयरमैन डॉ0 उमाशंकर वैश्य ने किया नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ0 उमाशंकर वैश्य के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 15 सरस्वती नगर में रविवार को विकास कार्यों के अंतर्गत नई बनी सड़क का उद्घाटन संपन्न हुआ। वार्ड में राणा पेट्रोल पंप के पीछे डामर रोड से पन्नेलाल के मकान तक लगभग 130 मीटर लंबी सड़क का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य द्वारा विधिवत किया गया ।इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने कहा कि नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नगर पंचायत की प्राथमिकता है। सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

उद्घाटन समारोह में ठेकेदार के साथ नगर पंचायत के सुपरवाइजर किशन गुप्ता, अजय कुमार, अभय पाठक सहित वार्ड निवासी हेमंत पाठक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है।

# अज्ञात कारणों से सिकंदरपुर गांव के जंगल में लगी आग

#### स्थानीय ग्रामीणों के साथ दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत में पाया काबू

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सिकंदरपुर के जंगल में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई कुछ ही देर में आसपास के खेतों में फैल कर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया हरे भरे पेड़ पौधों के साथ खेतों में पड़ा लगभग आधा दर्जन किसानों का लाही तथा गेहूं का भूसा जलकर राख हो गया वहीं आग का बढ़ता प्रकोप गांव की तरफ बढ़ने लगा जिसे देख स्थानीय समाजसेवी अजय राज सिंह तथा ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस बल तथा फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी सूचना पाकर पीआरबी पुलिस बल स्थानीय थाना चांदपुर पुलिस मौके पर पहुंची वहीं कुछ समय पश्चात दमकल विभाग की गाड़ी समेत विभागीय कर्मचारियों ने पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया मिली जानकारी के अनुसार गांव के किसान गोली सिंह रामबरन उमेश अन्नू सिंह शिवनारायण तन्नू सिंह शिवबरन आदि किसानों का नुकसान हुआ स्थानीय समाजसेवी अजय राज सिंह रामबरन समेत सभी किसानों ने राहत की सांस लेते हुए प्रशासनिक व्यवस्था तथा प्रशासन का आभार व्यक्त किया

# जिले में डीजल पेट्रोल के लिए हाहाकार लग रही लंबी-लंबी लाइन

## सुबह से शाम तक लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिलता तेल

मिथिलेश जायसवाल

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बहराइच में इन दिनों डीजल और पेट्रोल के लिए हाहाकार मची हुई है अधिकतर पेट्रोल पंपों पर हजारों की संख्या में सुबह से लेकर देर रात तक लोग जुटे रहते हैं कभी कभार तो यह होता है कि सुबह से लेकर शाम तक कड़ाके की धूप में डीजल के लिए खड़े हुए किसानों का नंबर आते आते टंकी पर तेल ही खत्म हो जाता है और निराश होकर वह वापस चले आते हैं जिससे खेती किसानी पर भी असर पड़ रहा है। वही जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि तेल की कोई कमी नहीं है ।जबकि अधिकारियों के बयान और जमीनी सच्चाई में जमीन और आसमान का अंतर है।जिले के मिहींपुरवा नानपारा रुपईडीहा मटेरा रिसिया बहराइच आदि क्षेत्रों में स्थित पेट्रोल पंपों की यही स्थिति है।जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि ऑयल कम्पनी आईओसीएल, बीपीसीएल तथा एचपीसीएल के विकय अधिकारियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार जनपद बहराइच के डीजल/पेट्रोल पम्पों पर नियमित रूप से डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति की जा रही है। जनपद बहराइच के उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे डीजल व पेट्रोल की कमी के सम्बन्ध में अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के बहकावे में न आयें तथा धैर्य बनाकर अपने वाहनों में डीजल व पेट्रोल अपने नजदीकी पेट्रोल पम्प से प्राप्त करें। जनपद बहराइच में डीजल व पेट्रोल की कोई कमी नहीं है।

# एएमयू आतंकवादियों की नर्सरी:साध्वी प्राची

## अलीगढ़ में कहा- हॉस्टल पढ़ाई के लिए नहीं, अवैध कामों के लिए बने

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के हॉस्टल में हाल ही में मिले जाली नोट, कारतूस और फर्जी मार्कशीट के मामले में साध्वी प्राची ने तीखा हमला बोला। हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची ने विवादित बयान देते हुए कहा- एएमयू आतंकवादियों की नर्सरी है ।उन्होंने सरकार से मांग की कि यूनिवर्सिटी में चल रहे अवैध धंधों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साध्वी प्राची ने एएमयू के इतिहास पर सवाल उठाते हुए कहा- यह वही एएमयू है, जिसने हिंदुस्तान का विभाजन किया। आज भी यहां का माहौल वैसा ही है, क्योंकि यह विश्वविद्यालय आतंकवादियों की नर्सरी पैदा कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लड़कों के हॉस्टल अब पढ़ाई के लिए नहीं, बल्कि अवैध हथियारों और फर्जी मार्कशीट के भंडारण केंद्र बन गए हैं। वह ब र को एक कार्यक्रम में रामघाट रोड स्थित कार्यक्रम में आई हुई थीं

### अधिकारियों पर लगाया भू-माफिया होने का आरोप

साध्वी ने केवल छात्रों पर ही नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय प्रशासन पर भी आरोप जड़े। उन्होंने कहा तीन दिन पहले हॉर्स राइडिंग की जमीन को एएमयू प्रशासन के अपनी बताने पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा एएमयू के अधिकारी सबसे बड़े भू-माफिया हैं, जिन्होंने सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे कर रखे हैं। साध्वी प्राची ने एएमयू में फर्जी मार्कशीट पर हुए एडमिशन और नकली नोट वाले मामले पर सरकार से जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा- दोषियों को चिह्नित कर उन पर ऐसी कार्रवाई हो जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि जहां पर देश और विदेश से बच्चे अपना भविष्य बनाने आते हैं, ऐसे में वहां पर हथियारों और नकली नोट का धंधा होना छात्रों में भय की भावना को पैदा करता है।


### आरोपी शहजाद पर लगे रासुका

थाना क्वार्सी थाना क्षेत्र की एफएम टावर के पास रिहायसी इलाके में 7 अप्रैल की रात को एक मकान में नकाबपोश युवक ने फायरिंग की थी। इसकी पहचान पुलिस को एएमयू छात्र शहजाद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 8 अप्रैल को एएमयू के सर जियाउद्दीन हॉल में दबिश दी थी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी छात्र तो फरार हो गया था, लेकिन उसके कमरे से नकली नोट, फर्जी मार्कशीट, कारतूस और मैगजीन बरामद हुई थी।

# युवती की गला काटकर हत्या, दुष्कर्म की पुष्टि नहीं

## शव मिलने के बाद आरोपी गिरफ्तार, पुलिस जांच जारी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, देर रात एक युवती की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। युवती का गला कटा शव घर से करीब 100 मीटर दूर नहर किनारे मिला।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और एक आरोपी को हिरासत में लिया है। यह घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के चतुरीपुर मऊ गांव की है।यहां की रहने वाली 24 वर्षीय अमिता देवी का शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतका के भाई की तहरीर पर गांव के ही सनोज कुमार कोरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। देर रात आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला से दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है।फिलहाल, पुलिस ने गांव के आरोपी सनोज कोरी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है।गौरीगंज सीओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि सुबह चतुरीपुर मऊ गांव में एक शव मिलने की सूचना मिली थी।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था और परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रथम दृष्टया दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है, आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# न्यायालय आदेश के बावजूद चकमार्ग तोड़ा

## विरोध पर पीड़ित को दौड़ाकर मारा, 5 के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, पुलिस ने न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद चकमार्ग को काटकर खेत में मिलाने और विरोध करने पर पीड़ित के साथ मारपीट करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है दिलीपपुर थाना क्षेत्र के मरुआन गांव निवासी अरविंद यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के सामने एक चकमार्ग है। इस चकमार्ग पर न्यायालय का स्थगन आदेश लागू है। आरोप है कि इसके बावजूद आरोपियों ने लगभग छह अन्य लोगों के साथ फावड़ा, कुदाल और गैंता जैसे औजारों का उपयोग कर चकमार्ग को काटकर अपने खेत में मिलाना शुरू कर दिया। जब पीड़ित अरविंद यादव ने इस कार्रवाई का विरोध किया, तो आरोपियों ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए उन्हें मारने के लिए दौड़ाया। अरविंद यादव ने किसी तरह घर में छिपकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलने पर यूपी-112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देखते ही सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि चकमार्ग को दोबारा क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने अरविंद यादव की तहरीर के आधार पर मरुआन गांव निवासी नंदलाल यादव उर्फ निरहु, राजमूर्ति यादव उर्फ पप्पू, मोछा, आशुतोष यादव उर्फ सुनील, अभिषेक यादव उर्फ रवि और अंश कुमार यादव उर्फ खुरखुर सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़

## पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूरी फसल नष्ट की

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, पट्टी पुलिस और स्पेशल टीम ने अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है।इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया और खेत में उगाई गई अफीम की पूरी फसल को नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत की गई।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर जिले में अपराधियों और नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) और क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम को सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, थाना पट्टी क्षेत्र के ग्राम धनगर सराय छिवलहा में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही थी।इस जानकारी के आधार पर, 15 अप्रैल 2026 को थाना प्रभारी आनंद पाल सिंह के नेतृत्व में पट्टी पुलिस और जनपदीय स्पेशल टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। मौके पर खेत में भारी मात्रा में प्रतिबंधित अफीम के पौधे पाए गए। ये पौधे आरोपी शिवकुमार यादव पुत्र स्व. रामदुलार यादव द्वारा गुपचुप तरीके से उगाए जा रहे थे।मामले की गंभीरता को देखते हुए, मौके पर प्रभारी तहसीलदार और अन्य राजपत्रित अधिकारियों को बुलाया गया। उनकी मौजूदगी में कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अफीम की पूरी फसल को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। पुलिस ने आरोपी शिवकुमार यादव के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, आरोपी बटाई पर खेत लेकर अवैध तरीके से अफीम की खेती कर रहा था।पुलिस ने बताया कि जनपद में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## संक्षेप

### बेटी की शादी से पहले गैस संकट

**माता कॉलोनी निवासी उषा देवी परेशान, जिलाधिकारी ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया**

बागपत , तहसील क्षेत्र की माता कॉलोनी निवासी उषा देवी ने अपनी बेटी की शादी से पहले गैस सिलेंडर न मिलने की समस्या को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय का रुख किया। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि उनकी बेटी की शादी 28 अप्रैल को तय है, लेकिन उन्हें घरेलू गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।उषा देवी के अनुसार, उन्होंने कई बार गैस एजेंसी से संपर्क किया, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया। एजेंसी ने कभी स्टॉक खत्म होने तो कभी डिलीवरी में देरी का बहाना बनाया। शादी की तारीख नजदीक होने के कारण परिवार को रसोई की व्यवस्था में परेशानी हो रही है। उषा ने जिलाधिकारी कार्यालय में अधिकारियों से अपनी समस्या का तत्काल समाधान करने की गुहार लगाई। उन्होंने यह भी बताया कि वे एक गरीब परिवार से हैं और बाहर से महंगे दामों पर गैस सिलेंडर खरीदने में असमर्थ हैं।जिलाधिकारी कार्यालय के संबंधित अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उषा को आश्वासन दिया। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि जल्द ही गैस एजेंसी से संपर्क कर उनकी समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक को ऐसे महत्वपूर्ण पारिवारिक आयोजनों के समय इस तरह की परेशानी का सामना नहीं करने दिया जाएगा।

### सिसना के खादर जंगल में भीषण आग लग गई

**ग्रामीणों की सूझबूझ से बची गेहूं की फसल, बड़ा आर्थिक नुकसान टला**

बागपत , सिसाना गांव के खादर क्षेत्र में जंगल में भीषण आग लग गई। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली और आसपास के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की ओर बढ़ने लगी, जिससे बड़ा नुकसान होने की आशंका पैदा हो गई।आग की सूचना मिलते ही गांव के दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए पानी, मिट्टी और हरे पेड़ों की टहनियों का उपयोग कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग को खेतों तक पहुंचने से पहले ही नियंत्रित कर लिया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो सकती थी, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होता। ग्रामीणों की सूझबूझ और एकजुटता से एक बड़ा आर्थिक नुकसान टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि खादर क्षेत्र में सूखी घास और झाड़ियों की अधिकता के कारण आग तेजी से फैलती है।

### सुबह से ही तेज धूप, तापमान 40 डिग्री

**हवा की गति कम होने से उमस का भी असर, अभी तापमान और बढ़ेगा**

मेरठ , अप्रैल के तीसरे हफ्ते में ही लोगों को जून जैसी गर्मी का अहसास हो रहा है। गुरुवार सुबह से ही तेज धूप खिलने के साथ गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया।मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान करीब 20 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान में इस तेजी से बढ़ोतरी ने जून जैसी गर्मी का एहसास करा दिया है। तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है हवा की गति सामान्य रहने के कारण गर्मी का असर ।

## एग्जाम सेंटर पर पहुंचे आयोग अध्यक्ष प्रशांत कुमार, इंतजाम देखे

**असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा समाप्त, 16 विषयों की हुई परीक्षा; 19474 परीक्षार्थी हुए शामिल**




अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज ,उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा रविवार को दूसरे दिन असिस्टेंट प्रोफेसर की लिखित पुनर्परीक्षा प्रदेश के 6 जनपदों में आयोजित कराई गई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक हुई। दूसरी पाली का एग्जाम दोपहर 02:30 से 04:30 बजे तक हुआ।परीक्षा में हॉर्टिकल्चर, सैन्य विज्ञान, गृह विज्ञान, संस्कृत, इतिहास, गणित, भूगोल, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, वाणिज्य और भौतिक विज्ञान सहित कुल 16 विषय शामिल थे। 18 और 19 अप्रैल को आयोजित लिखित परीक्षाओं में कुल 39,192 परीक्षार्थी शामिल हुए। रविवार को परीक्षा में कुल 19474 जिसमें 30.93% महिला और 69.07% पुरुष परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस बीच आयोग के अध्यक्ष डॉ प्रशांत कुमार परीक्षा इंतजामों को देखने निकले। आयोग अध्यक्ष दोपहर में मेरी वानामेकर गर्ल्स इण्टरमीडिएट कॉलेज , ?प्रयाग महिला विद्यापीठ इण्टर कॉलेज, सिविल लाइंस, कार्नलगंज इंटर कॉलेज पहुंचे और व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने क्लास रूम में जाकर परीक्षा का जायजा लिया। यह परीक्षा आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के कुल 53 केंद्रों पर दो पालियों में कराई गई। शिक्षा सेवा चयन आयोग डॉ प्रशांत कुमार ने कहा कि दो दिनों में चार पालियों में असिस्टेंट प्रोफेसर पुनर्परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराई गई है। परीक्षा को लेकर शासन के निर्देश के क्रम में आयोग ने कई सख्त कदम भी उठाए थे। उन्होंने कहा है कि शासन की नीति है कि सभी भर्ती परीक्षाएं पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपादित हो। आज 6 जिलों में आठ विषयों की परीक्षा कराई गई है। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई गई है। इस बार प्रयागराज से एक नई पहल शुरू की गई है। परीक्षा कक्ष में ही पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ओएमआर शीट को स्कैन किया जा रहा है। ताकि परीक्षार्थियों की उपस्थिति वह अन्य त्रुटियों की संभावना बिल्कुल न रहे। पहले एक एजेंसी द्वारा ही परीक्षा से जुड़े सभी कार्य किए जाते थे। लेकिन अब अलग-अलग एजेंसियों को यह जिम्मेदारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर पुनर्परीक्षा को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी एक आदेश पारित किया है, उसका भी परीक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश का परीक्षण कराने के बाद आगे की कार्रवाई इस पूरे मामले में की जाएगी। जो मेधावी और अच्छे अभ्यर्थी हैं उन्हें आयोग आगे आने का मौका देगा और उनका चयन भी सुनिश्चित होगा।

## प्रयागराज में चलती कार में लगी आग

**कूदकर सवारों ने बचाई जान, 60 फीट रोड पर शॉर्ट सर्किट से धू-धू कर जली**



अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , सिटी जोन स्थित करेली थाना क्षेत्र में एक चलती कार में अचानक आग लग गई। यह घटना 60 फीट रोड पर हुई, जहां देखते ही देखते कार आग के गोले में तब्दील हो गई। सड़क पर चल रहे लोगों और आसपास के दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया।बताया जा रहा है कि कार में सवार लोग जैसे ही धुआं और आग की लपटें उठती देखे, उन्होंने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। उनकी सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ ही पलों में पूरी कार आग की चपेट में आ गई और धू-धू कर जलने लगी। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन जब तक दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तब तक कार काफी हद तक जल चुकी थी।प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। घटना के दौरान सड़क पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिसकर्मियों ने जलती कार को सड़क से हटवाकर यातायात को दोबारा सुचारू कराया। इस दौरान काफी देर तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन घटना ने एक बार फिर वाहन सुरक्षा और नियमित मेंटेनेंस की जरूरत को उजागर कर दिया है।

## धूमधाम से जगह-जगह मनाया गया अक्षय तृतीया पर्व पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**जहानाबाद विधानसभा समेत अनेक क्षेत्रों में आयोजित हुए कार्यक्रम**



अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर ।जनपद के अनेक क्षेत्रों में कल अक्षय तृतीया तिथि के साथ-साथ भगवान परशुराम का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया गया जनपद के जहानाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय की अगुवाई में पैत्रक गांव कौंह में स्थापित भगवान परशुराम की मूर्ति का अभिषेक पूजन वैदिक विधि से संपन्न हुआ वही पूर्व विधायक की अगुवाई में विधानसभा में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हुए ठीक इसी प्रकार जनपद के असोथर नगर पंचायत में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में अवतरित हुए भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई जो अश्वत्थामा आश्रम में समाप्त हुई वही जगह-जगह पुष्प वर्षा तथा जय भार्गव जय परशुराम की गगन भेदी नारे गूंजते रहे जनपद के खागा धाता बिंदकी समेत अनेक क्षेत्रों में भी यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## नाम हमारा याद रखना हम विनायक हैं

**सेंट्रल मार्केट में धरनारत दुकानदारों के बीच पहुंचे एसपी सिटी, बोले- हम विनायक भैय्या हैं**



अमन लेखनी समाचार

मेरठ , नाम हमारा याद रखना हम विनायक हैं, आप हमें विनायक भैया बोलोगे तो हमें अच्छा लगेगा। ये शब्द है मेरठ के नए एसपी सिटी विनायक गोपाल भोंसले के जो सेंट्रल मार्केट पहुंचे। वहां 7 दिन से प्रदर्शन कर रहे महिलाओं से वार्ता की। दरअसल सेंट्रल मार्केट में सीलिंग कार्रवाई और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पिछले 7 दिनों से वहां विरोध प्रदर्शन जारी है। जिसमें व्यापारियों के साथ- साथ स्थानीय लोग भी अपने परिवारों के साथ बैठे हैं। सुबह से ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी वहां धरना खत्म कराने के संबंध में वार्ता के लिए पहुंचे जिसके बाद एसपी सिटी ने महिलाओं से भी वार्ता की और उनसे शांति व्यवस्था को बनाए रखने की अपील भी की।

### बाहरी व्यक्ति न करे माहौल खराब

उन्होंने वहां मौजूद महिलाओं से कहा कि कोई भी किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा ही गई किसी भी बात से माहौल खराब न करें।इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति द्वारा मैसेज भेज कर किए गए किसी भी आहवान में भी ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन दोनों हर समय आपके बीच मौजूद हैं जो भी बात हो सीधे हमसे आकर संवाद करें।एसपी सिटी जब वार्ता कर जाने लगे तो व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने वहां छत्रपति शिवाजर महाराज की जय के नारे भी लगाए। इसके साथ ही सभी व्यापारियों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए पूर्ण रूप से सहयोग करने की बात भी कही।9 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने 859 आवासीय भू-खंडों में चल रही आवासीय गतिविधियों को बंद कर सैट बैक करने के लिए आदेश दिया था।इसके बाद से ही वहां के व्यापारी और स्थानीय निवासी इसके विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें सभी प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि निर्णय सुप्रीम कोर्ट का है

## कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पुलिस से बोले- कल रोक कर दिखाना

**कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के विरोध में, अधिकारियों से मिलने पहुंचे थे सेंट्रल मार्केट**



अमन लेखनी समाचार

मेरठ , सेंट्रल मार्केट प्रकरण को लेकर सेक्टर-2 में चल रहे धरने में कांग्रेस महानगर उपाध्यक्ष रीना शर्मा महिला व्यापारियों के समर्थन में पहुंचीं। धरना स्थल पर पहुंचते ही नौचंदी थाना पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर थाना नौचंदी भेज दिया। जिसकी सूचना मिलते ही कांग्रेस महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा और पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला समर्थकों के साथ तत्काल थाना नौचंदी पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस कार्रवाई का कड़ा विरोध जताया। कांग्रेस कार्यकताओं के विरोध के दबाव में पुलिस प्रशासन को रीना शर्मा को रिहा करना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस नेता एडीएम सिटी और एसपी सिटी से धरना स्थल की ओर बढ़े, लेकिन रास्ते में ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया।इस दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा और पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय धरना स्थल पर पहुंचेंगे। वे व्यापारियों की समस्याएं सुनकर उनके समर्थन में खड़े होंगे।महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा को पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि कल हमारे प्रदेश अध्यक्ष आ रहे हैं। जिन्हें हम व्यापारियों से मिलवाकर रहेंगे। आज तो रोक लिया है अब कल रोक कर दिखाना।

## 200 झोपड़ियों में भीषण आग, सिलेंडर फटे

**10 किमी दूर से दिखा धुआं, 22 गाड़ियों ने बुझाई आग**



अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , दोपहर करीब 12 बजे 200 झुग्गी-झोपड़ियों में भीषण आग लग गई। सिलेंडरों में लगातार धमाके होते रहे। धुएं का गुबार करीब 10 किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने घरों का सामान और गैस सिलेंडर लेकर भागते नजर आए। आसपास की इमारतों को एहतियातन खाली करा लिया गया।फायर ब्रिगेड की 22 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। प्रशासन ने नोएडा से भी दमकल की गाड़ियां मंगाईं। आग इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में लगी। घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।प्रत्यक्षदर्शी आशीष गुप्ता ने बताया-कुछ लोग झुग्गियों में खाना बना रहे थे, तभी तिरपाल में आग लग गई।देखते-देखते आग भड़क गई और पास में स्थित पन्नी का गोदाम जलकर राख हो गया। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि इलाके में कबाड़ का काम होता था। यही काम करने वाले लोग झुग्गियां बनाकर रहते हैं। किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए एंबुलेंस मौके पर मौजूद हैं। पास के अस्पतालों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।इससे पहले, लखनऊ के विकासनगर में झुग्गी-झोपड़ियों में आग लगी थी।इसमें 250 झोपड़ियां जलकर राख हो गई थीं। 2 सगी बहनों की मौत भी हुई थी।

प्रत्यक्षदर्शी बोले- झुग्गियों में रहने वालों का बहुत नुकसान हुआ

प्रत्यक्षदर्शी आशीष गुप्ता ने बताया- यहां कम से कम 200 झुग्गियां जल गईं हैं। झुग्गियों में रहने वालों का बहुत नुकसान हो गया है। यहां पर पीछे जो बंगाल के लोग बसे हुए हैं, वो लोग झुग्गियों में ही खाना बनाते थे।

## आईपीएल मैच में सट्टे का भंडाफोड़, तीन बुकी गिरफ्तार

**ग्रुप बनाकर खिलाया जा रहा था सट्टा, मोबाइल फोन; बैंक खाता नंबर भी बरामद**



अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,एसपी सिटी की स्वाट टीम ने कंकरखेड़ा पुलिस के साथ मिलकर आईपीएल मैच में सट्टे का भंडाफोड़ किया है। मौके से भारी मात्रा में सट्टे में प्रयुक्त होने वाले सामान के साथ तीन बुकी गिरफ्तार किए गए हैं। शुरूआती छानबीन में सामने आया है कि यह गिरोह जगह बदल बदलकर सट्टे का खेल खिला रहे थे। मैच में सट्टे की सूचना पर मारा छापा पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने खुलासा किया कि रात कंकरखेड़ा पुलिस को सूचना मिली कि लखनऊ सुपरजाइंट्स और रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच में सट्टा लगाया जा रहा है। तत्काल स्वॉट टीम को भी सक्रिय कर दिया गया। छापे के दौरान पकड़े गए तीन बुकी एसपी सिटी ने बताया कि जल्द ही पुलिस को सही लोकेशन भी मिल गई। इंस्पेक्टर कंकरखेड़ा जितेंद्र सिंह ने स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक महेश शर्मा के साथ एक कॉलोनी में फ्लैट पर छापा मारा और वहां से तीन लोगों को दबोच कर सट्टे के इस खेल का भंडाफोड़ किया। फ्लैट पर पूरा सेटअप लगाया गया था। तीनों आरोपियों की हुई पहचान पूछताछ में तीनों की पहचान दीपक जैन पुत्र जोगेंद्र कुमार जैन निवासी सरधना हाल निवासी ड्रीम सिटी कंकरखेड़ा, रजनीश जैन पुत्र स्वर्गीय अरुण कुमार जैन निवासी रोहता रोड जवाहर नगर थाना कंकरखेड़ा और विभोर जैन पुत्र राकेश कुमार जैन निवासी आदर्श नगर सरधना बताए। मौके से सट्टे का सामान बरामद एसपी सिटी ने बताया की पुलिस को मौके से दो एलईडी, 11 मोबाइल फोन के अलावा 4370 रूपए नकद, दो बैंक के डेबिट कार्ड, सफेद हिसाब के 27 पर्चे, तीन कैलकुलेटर के साथ ही एक ऐसा पर्चा बरामद हुआ है जिस पर आईपीएल के मैच पर लगाए गए 27 सट्टे का हिसाब लिखा था। ब्रॉडकास्ट बनाकर जोड़ने थे लोगों को एसपी सिटी ने बताया कि शुरूआती छानबीन में यह खुलासा हुआ है कि पिछले काफी वर्षों से यह गिरोह सट्टा लगाता आ रहा था। हर बार उनकी तलाश की जाती थी लेकिन जगह बदलने के कारण यह बच जाते थे।

इन लोगों ने ब्रॉडकास्ट ग्रुप बनाए

## नोएडा हिंसा- 66 गिरफ्तारियों में 45 श्रमिक नहीं

**साजिशकताओं पर सख्त कार्रवाई, कुछ महिलाएं भी सक्रिय रहीं**



अमन लेखनी समाचार

नोएडा , श्रमिक आंदोलन की आड़ में अराजकता फैलाने की साजिश थी। इसमें कुछ राजनीतिक दलों और अर्बन नक्सल संगठनों की भूमिका सामने आई है। जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। कुल 66 गिरफ्तारियों में से 45 लोग ऐसे हैं, जो वास्तविक श्रमिक नहीं थे।आगजनी की घटना में चिन्हित 17 में से 11 को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 8 गैर-श्रमिक हैं। वहीं, भड़काने के आरोप में 32 लोगों की पहचान हुई, जिनमें से 19 को गिरफ्तार किया गया।इसके अलावा 34 ऐसे लोगों को भी पकड़ा गया है, जो श्रमिक नहीं होते हुए भी कथित आंदोलन में शामिल होकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे थे।साजिश रचने के आरोप में 4 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, जिनके कथित तौर पर कुछ संगठित नेटवर्क से जुड़े होने की बात सामने आई है। अब तक गिरफ्तार हुए लोग अर्बन नक्सल संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं। आर्थिक हब को आग में झोंकने की चाल सूत्रों के मुताबिक, नोएडा के आर्थिक ढांचे को बर्बाद करने की एक सुनियोजित और बड़े पैमाने की साजिश रची गई थी। कुछ राजनीतिक दलों का पूरा इकोसिस्टम खुलकर शामिल था।

## समलैंगिक रिश्ते में अड़चन डाल रही महिला की हत्या

**नोएडा में आरोपी गिरफ्तार, महिला के बेटे से थे रिश्ते; चाकू से कई वार किए थे**




अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सेक्टर 73 में रहने वाली एक महिला की धारदार हथियार से हत्या करने वाले आरोपी को सेक्टर 113 थाने की पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को डायल 112 पर सुबह घटना की सूचना मिली थी। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। कई सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपी की पहचान हुई। पुलिस ने टिवोली फार्म हाउस के पास से उसे गुरुवार को पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी का मृतका के बेटे से समलैंगिक संबंध थे। महिला इस रिश्ते का विरोध करती थी। बेटे से मिलने में बाधा बनने पर आरोपी ने गुस्से में आकर महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू और मृतका का मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

### आरोपी पहले से शादी शुदा

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद शफीक उर्फ जावेद ( 45 ) निवासी फतेहपुर के रूप में हुई है। फिलहाल वह सफाबाद में किराए के कमरे पर अकेले रहता था। वह पहले से शादी शुदा है। पत्नी की मौत हो चुकी है। दो बच्चे हैं और जिनका गाजियाबाद में एक परिवार पालन पोषण कर रहा है। आरोपी कार पेंटर का काम करता हैपेंटर का काम सिखाया फिर बनाए संबंधपूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि एक साल पहले सफाबाद में रहने वाले आगरा मूल निवासी मोहसिन नाम के युवक से उसकी मुलाकात हुई। आरोपी ने उसे साथ में लेकर पेंटर का काम सिखाया, इसके बाद दोनों में समलैंगिक संबंध हो गए।

## घरेलू सहायिका और गिग वर्कस सड़कों पर

**तय घंटे, बेहतर वेतन और सम्मान की मांग, कई सोसाइटी में काम पर नहीं पहुंची**



अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सैलरी बढ़ोतरी व कई अन्य मांगों को लेकर सोसाइटी में काम करने वाली घरेलू सहायिका अब सामने आने लगी है। मंगलवार और बुधवार को सहायिकाओं ने प्रदर्शन किया।इसके चलते सोसाइटियों में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।मंगलवार को सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन और सेक्टर-121 स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी के बाहर प्रदर्शन हाने के बाद बुधवार को भी सेक्टर-137 में घरेलू सहायिकाओं ने प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन पूर्वांचल सोसाइटी, इकोसिटी सोसाइटी व आसपास की अन्य हाउसिंग सोसाइटी के बाहर किया जा रहा है। घरेलू सहायिकाओं ने एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। घंटे और वेतन तय किया जाएघरेलू सहायिकाओं का कहना है कि उन्हें काम के बदले उचित वेतन नहीं मिल रहा है, साथ ही कई जगहों पर काम के घंटे भी तय नहीं हैं। इसके अलावा सोसाइटी के कड़े नियम-जैसे प्रवेश-निकास की पाबंदियां, पहचान पत्र की अनिवार्यता और लिफ्ट के उपयोग पर भी प्रतिबंध है। जिसके चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ साहिकाओं ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार भी नहीं किया जाता है।महिला गिग वर्कर्स ने किया प्रदर्शन सेक्टर-60 में स्थित अर्बन कंपनी के ट्रेनिंग सेंटर के बाहर बुधवार सुबह करीब 40 महिला गिग वर्कर्स ने प्रदर्शन किया। ये महिलाएं घरेलू सेवाएं (ब्यूटी, मसाज, क्लीनिंग आदि) देने वाली अर्बन कंपनी से जुड़ी हैं।

# भगवान परशुराम की शोभायात्रा ने मोहा सबका मन, निकली भव्य शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय, झांसी। नगर में भगवान श्री परशुराम सेवा समिति की ओर से भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा अयोध्या धाम के पूज्य महंत नृत्यगोपाल दास जी महाराज के कृपा पात्र महंत प्रेमनारायण दास उर्फ पागल बाबा जी महाराज के निर्देशन में संपन्न हुई। इसके अलावा उज्जैन महाकाल से महामंडलेश्वर राघवेंद्र दास जी महाराज, महाराष्ट्र नासिक से महामंडलेस्वर विष्णु दास जी महाराज, चकाडोरी धाम के महंत राकेश दास जी महाराज, नौ देवालय मन्दिर एरच के महंत उमेश दत्त गिरि जी महाराज, चित्रकूट से महंत नारायण दास जी महाराज सम्मलित हुए।शोभायात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व आरती के साथ हुआ। शोभायात्रा में सजी-धजी बग्घी पर भगवान श्री परशुराम का स्वरूप, भगवान श्री राम दरबार एवं नौ देवियों की आकर्षक जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम जी का विधि विधान से भव्य पूजन अभिषेक आचार्य ब्रजेन्द्र शुक्ला, अनिल



मिश्रा, नमन गौतम ने विधि-विधान संपन्न कराया एवं श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्री हरि सेवक श्री सुंदरकांड समिति द्वारा संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवेश पालीवाल, बृजकिशोर व्यास, विनोद व्यास, अखिलेश पिपरैया, रामनारायण पस्तोर, प्रदीप कोठारी, अशोक मिश्रा, मुन्नालाल दोदेरिया, डॉ ओम अरजरिया, डा.एल आर मिश्रा, रामप्रकाश अरजरिया, बद्रीप्रसाद त्रिपाठी, राजेश दोदेरिया, पुस्पेंद्र पटेरिया लेखपाल, हरिमोहन तिवारी, मनोहर नेवालकर, प्रद्युम्न खानवलकर, सचिन व्यास, अंकित विदुआ, वरुणकांत त्रिपाठी, अनिल मिश्रा जखोरा, महेश पाठक, लोकेंद्र शर्मा, संदीप कोठारी, विनय पस्तोर, अभिषेक वशिष्ठ, मधुसुदन विदुआ, धनप्रकाश तिवारी, विकास तिवारी, कुंजबिहारी अरजरिया अध्यापक, कुलदीप कोदवलकर, पुस्पेंद्र अरजरिया, राजेन्द्र पालीवाल, रविन्द्र स्वामी, सुरेन्द्र पिपरैया मौजूद रहे। मंच पर संतो का सम्मान अनुज द्विवेदी, सार्थक नायक, रमेश पटेरिया, जे.जे.मिश्रा, अश्वनी पस्तोर, हेमंत विदुआ, ऋषभ वशिष्ठ, भुवनेंद्र अरजरिया, मनोज शर्मा, स्वदेश पाठक, मोनू मिश्रा, रामजी मोनस, रूपेश तिवारी, अशोक पटेरिया, आलोक नायक, योगेश व्यास, गुल्लन महाराज, सरजूशरण पाठक, अरुण चतुर्वेदी, अखिलेश तिवारी, बंटी विदुआ, बृजेन्द्र शर्मा, अनिल मिश्रा पुजारी, राज द्विवेदी, शुभम पचौरी ने किया। शोभायात्रा नगर के सभी प्रमुख मार्गों का भ्रमण करती हुई गुरुदेव वाटिका पर एक गोष्ठी में परिवर्तित हुई जहाँ गोष्ठी में संतों के आशीष वचन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा के समापन पर विशाल आरती की गई और विशाल भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हजारों विप्र समाज के एवं सर्व समाज के क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 51.785 किलोग्राम अवैध गांजा व कार सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मम्मी का ढाबा के पास अर्द्धनिर्मित भवन से दिनांक 18.04.2026 को समय 01:35 बजे 51.785 किलोग्राम अवैध गांजा, 04 अदद मोबाइल फोन एवं एक अदद स्विफ्ट डिजायर कार वढ 14 उए 6447 के साथ 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0- 303/2026 धारा 8/20/27ए/29 /60 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संगठित मानव तस्करी गिरोह का पर्दाफाश, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना रॉबर्ट्सगंज एवं एएचटी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) पुलिस की संयुक्त टीम ने एक संगठित मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना एएचटी प्रभारी माधव सिंह और प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज रामस्वरूप वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिव सिंह उर्फ रामलाल (45 वर्ष) निवासी धवलपुर, राजस्थान के रूप में हुई है, जिसे ग्राम पवर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने एक नाबालिग/युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद उसे विभिन्न जिलों से होते हुए आगरा और अलीगढ़ ले जाया गया, जहां आरोपी ने अपने साथियों के साथ



मिलकर पीड़िता को करीब 1.20 लाख रुपये में बेच दिया। इतना ही नहीं, पीड़िता को अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न व्यक्तियों के पास रखा गया, जहां उसके साथ जबरन शारीरिक शोषण किया गया। इस दौरान वह गर्भवती भी हो गई। पुलिस के अनुसार यह पूरा मामला एक संगठित गिरोह द्वारा अंजाम दिया गया है, जिसमें अन्य आरोपियों की भी संलिप्तता सामने आई है। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। इस सफलता में थाना एएचटी व रॉबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम की अहम भूमिका रही, जिसमें प्रभारी निरीक्षक माधव सिंह, उपनिरीक्षक रणजीत सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मानव तस्करी जैसे अपराधों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे गिरोहों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

खास समाचार

## कुत्ते को बचाने के प्रयास में ट्रक के सामने आई कार, बड़ा हादसा टला; सड़क पर बिखरा लोहे का एंगल

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत वाराणसी- शक्तिनगर मार्ग स्थित प्रीतनगर में एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, जब एक कार चालक कुत्ते को बचाने के प्रयास में अचानक ट्रक के सामने आ गया। हालांकि सतर्कता के चलते कार सवार की जान बाल-बाल बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पार कर रहे कुत्ते को बचाने के चक्कर में कार चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया, जिससे सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर की स्थिति बन गई। हालात को भांपते हुए ट्रक चालक ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई इमरजेंसी ब्रेक लगने के कारण ट्रक पर लदा लोहे का एंगल सड़क पर बिखर गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस टीम ने सड़क पर बिखरे लोहे के एंगल को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली, वहीं पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क पर चलते समय सतर्कता बरतें और अचानक किसी भी स्थिति में संतुलन बनाए रखें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## रेणुकूट में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित, सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, रेणुकूट के चाचा कॉलोनी क्षेत्र में मंगलवार को मां केवला पति देवी सेवा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान जनरल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार ने उपस्थित मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श एवं दवाएं प्रदान कीं। पिपरी और रेणुकूट सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाया। विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए यह शिविर काफी सहायक साबित हुआ। आयोजकों ने बताया कि यह निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा प्रत्येक मंगलवार को अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की जाती है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें। डॉ. संजय कुमार ने बताया कि बदलते मौसम और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने सलाह दी कि लोग पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, आसपास पानी जमा न होने दें, स्वच्छता का ध्यान रखें और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। साथ ही तेज धूप से बचने की भी अपील की इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों और स्थानीय लोगों का भी सराहनीय सहयोग रहा। पूरा कार्यक्रम जनसेवा और जागरूकता के उद्देश्य के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## नर सेवा नारायण सेवा के सौजन्य से खिचड़ी के साथ राहगीरों को पिलाया गया शर्बत

चोपन/सोनभद्र। नगर क्षेत्र में विगत तीन वर्षों से निरंतर संचालित हो रहे नर सेवा नारायण सेवा संस्थान द्वारा मानव सेवा का सराहनीय कार्य जारी है। संस्थान के तत्वावधान में समाज के सहयोग से प्रत्येक शनिवार को जरूरतमंदों एवं राहगीरों के लिए निःशुल्क खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही समय-समय पर कंबल, गमछा सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं का भी वितरण किया जाता रहा है। इसी क्रम में शनिवार को आयोजित 127 वें साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम के तहत बढ़ती गर्मी को देखते हुए खिचड़ी के साथ ठंडा शर्बत भी राहगीरों एवं जरूरतमंदों को वितरित किया गया।

# प्रीतनगर में आग लगने से मची अफरा-तफरी, समय रहते बुझायी गयी आग

अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन के प्रीतनगर मोहल्ले में अचानक आग लगने की घटना से अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। अचानक झाड़ियों में उठी आग की लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप लेना शुरू कर दिया, जिससे आसपास के घरों में रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और आग पर काबू पाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए। घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी और स्वयं भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि प्रीतनगर क्षेत्र में स्थित एक ऊंचे टीले पर सूखी झाड़ियों में आग लगी थी जो हवा के कारण तेजी से फैलने लगी। यदि समय रहते इस पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह आग आसपास के रिहायशी इलाकों तक पहुंच सकती थी, जिससे बड़ी जनहानि और संपत्ति का



नुकसान हो सकता था। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने नगर पंचायत अध्यक्ष की मौजूदगी में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग को फैलने से रोका और कुछ ही समय में उस पर नियंत्रण पा लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी बाल्टी, पाइप आदि के माध्यम से आग बुझाने में सक्रिय सहयोग दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें काफी ऊंची उठ रही थीं, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति भयावह हो गई थी। हालांकि फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते एक बड़ी दुर्घटना टल गई और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि अत्यधिक गर्मी और सूखी झाड़ियों के कारण यह घटना हो सकती है। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने मौके पर उपस्थित लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इस प्रकार की घटनाओं से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। इस दौरान सभासद रामपरीखा विश्वकर्मा, लिपिक अंकित पांडेय सहित अन्य स्थानीय लोग भी मौके पर मौजूद रहे और राहत कार्य में सहयोग करते नजर आए।

## मिशन शक्ति 5.0 चरण: नारी सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर जागरूकता को लेकर सोनभद्र पुलिस का व्यापक जनजागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में व्यापक जनजागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान, बाजार और ग्राम सभाओं में संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, बढ़ते



साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे आमजन साइबर ठगी से सुरक्षित रह सकें। सोनभद्र पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी आपात या संदिग्ध स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना दें तथा जागरूक रहकर स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:

112- आपातकालीन सेवा

1090 / 1091- महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181- महिला हेल्पलाइन

1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत दुद्धी के स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम, छात्राओं को सुरक्षा व अधिकारों की दी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त और जागरूक बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 (फेज-कक) अभियान के तहत शनिवार को दुद्धी स्थित वेटर मिलेनियम इंग्लिश स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय ने किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षकों को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के लिए एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसके माध्यम से छात्राओं को महत्वपूर्ण संदेश सरल और रोचक तरीके से समझाए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान, बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियां दी जा रही हैं। कार्यक्रम के



दौरान छात्राओं को गुड टच और बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल और लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी और डळढ साझा न करने जैसी महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने छात्राओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका उपयोग कर वे अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:

112- आपातकालीन सेवा

1090 / 1091- महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181- महिला हेल्पलाइन

1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने इस पहल के लिए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया। पूरा आयोजन जागरूकता और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ।

# शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अप्रैल महीने के तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस रावटसगंज में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि से संबंधित प्राप्त हुए, भूमि से संबंधित मामले को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों का निस्तारण भी कराया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने रावटसगंज 79 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 09 मामलें निस्तारित किये गये इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

02- सम्पूर्ण समाधान दिवस दूधी उप जिलाधिकारी दूधी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की 31 शिकायतों को सुना गया 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेज गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

03-सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी तहसीलदार आदि ने 60 शिकायतों को सुनते हुए प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

04- सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम 48 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया 46 मामले हेतु सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत तीर्थयात्री बस रवाना, डीएम ने दिखाई झंडी


अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को तीर्थयात्रियों से भरी बस को जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों व परिजनों की भीड़ जुटी रही। जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यह यात्रा प्रदेश के सभी जिलों से चयनित तीर्थयात्रियों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन कराने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद के तीर्थयात्रियों को प्रशासन की देखरेख में सुरक्षित रूप से भेजा जा रहा है, ताकि उन्हें यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने आगे बताया कि तीर्थयात्री पहले बस के माध्यम से लखनऊ पहुंचेंगे, जहां से आगे की यात्रा ट्रेन द्वारा पूरी की जाएगी। पूरी यात्रा



में लगभग एक सप्ताह का समय लगेगा और इसके बाद सभी यात्री सकुशल वापस लौटेंगे। प्रशासन द्वारा यात्रा के दौरान भोजन, आवास एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के लोगों को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के प्रति जागरूक करना तथा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। इससे न केवल लोगों की आस्था मजबूत होगी, बल्कि सांस्कृतिक विरासत के प्रति भी जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों को सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। श्रद्धालुओं ने इस पहल के लिए प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और हर्षोल्लास के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए। बताया गया कि इस साल सोमनाथ मंदिर के ध्वंस के एक हजार वर्ष (1026 में गजनवी के हमले के एक हजार वर्ष) और पुनर्निर्मित मंदिर के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## थ्रेसर मशीन में फंसकर मजदूर की दर्दनाक मौत, मड़ाई के दौरान हुआ हादसा



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, करमा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरौली गांव में गेहूं की मड़ाई के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। थ्रेसर मशीन में फंसने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राम लल्लू पुत्र रामविचार गौड़, निवासी रास्पबेरी थाना म्योरपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह प्रतिदिन की तरह किसान के यहां मजदूरी करने गया था और देर रात गेहूं की मड़ाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक वह गेहूं के बोझा के साथ थ्रेसर मशीन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि मजदूर को संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने शोर मचाते हुए तुरंत थ्रेसर मशीन को बंद कराया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने खेतों में काम के दौरान सुरक्षा उपायों को लेकर चिंता जताई है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



## जावेद की टीवी पर होगी वापसी इस डांस रियलिटी शो में बनेंगे जज

मुंबई। दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी एक बार फिर टीवी की दुनिया में लौट रहे हैं। सोनी टीवी ने अपने चर्चित डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' का प्रोमो जारी किया है, जिसमें अभिनेता को जज की कुर्सी संभालते देखा जाएगा। शो की थीम इंडिया वाला डांस होगी, जिसके जरिए प्रतियोगी देशभर की विविध नृत्य शैलियों को पेश करेंगे। जाहिर है कि जावेद 1996 में आए लोकप्रिय डांस शो 'बूगी वूगी' में जज रह चुके हैं। 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' के प्रोमो में जावेद कहते हैं, कभी सोचा है कि स्टेज 30 बाय 30 के स्टेज पर, क्या 140 करोड़ लोग नाच सकते हैं? बिल्कुल नाच सकते हैं। इंडियाज बेस्ट डांसर के स्टेज पर होगा 'इंडिया वाला डांस'। ऐसे में सारा इंडिया नाचेगा।

लाइफ Style

## रश्मिका
### नई फिल्म 'मायसा' से उड़ाएंगी होश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है।

रश्मिका मंदाना अपनी नई फिल्म 'मायसा' में एकदम अलग अंदाज में नज़र आने वाली हैं। रॉविंद्र पुल्ले के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक रहस्यमयी एक्शन थ्रिलर है, जिसकी कहानी जनजातीय क्षेत्रों पर आधारित है। रश्मिका के जन्मदिन पर, टीम ने फिल्म का एक बेहद दमदार पोस्टर जारी किया। इसी के साथ, निर्देशक रॉविंद्र पुल्ले ने सोशल मीडिया पर रश्मिका की मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग के बारे में एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने रश्मिका को 'द वेपन' बताया और इसे 'निशानों में लिखी हुई जंग' कहा। फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है, जिसके लिए रश्मिका अपने दमदार किरदार में जान फूंकने के लिए मार्शल आर्ट्स की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस इंटरनेशनल स्टंट एक्सपर्ट एंडी लॉन्ग डिजाइन कर रहे हैं। वहीं, श्रेयस पी कृष्ण विजुअल्स संभाल रहे हैं और संगीत जेक्स बेजॉय ने दिया है। 'मायसा' के अलावा, रश्मिका जल्द ही शाहिद कपूर और कृति सैनन के साथ 'कॉकटेल 2' में, और विजय देवरकोंडा के साथ 'रानाबाली' में भी नज़र आएंगी।




हॉलीवुड मसाला




## मिर्याम बनकर पर्दे पर मचाएंगी तहलका

लॉस एंजिल्स। सिनर्स (सिनर्स) से मशहूर अभिनेत्री ली जुंग ली सुपरहिट वेब सीरीज 'द लास्ट ऑफ अस' के तीसरे सीजन में मिर्याम का किरदार निभाएंगी, जो लेव और यारा की मां हैं। इस गर्मियों में शूटिंग शुरू होने वाली है। क्रेग मजिन, जो अब अकेले शो-रनर हैं, तबाही के बाद की इस हिट ड्रामा सीरीज की अगली कहानी को आगे बढ़ाएंगे। सीजन 3 में कास्ट और भी बड़ी हो गई है। इसमें एरियला बैरेर, तती गैब्रिएल और स्पेंसर लॉर्ड जैसे नाम लौट रहे हैं। इनके साथ ही, बेला रैमसे जैसे पुराने सितारे भी अपनी भूमिकाएँ निभाते दिखेंगे। इन नए जुड़ावों से फैंस को लेव और यारा की जिंदगी से जुड़ी और कहानियाँ देखने को मिलेंगी।




## 'टॉप गन 3' के साथ वापसी करेंगे टॉम क्रूज

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग व्यक्ति के किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, दर्शकों को लुभाने का उनका सिलसिला अभी खत्म नहीं होगा, क्योंकि अभिनेता 'टॉप गन' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त के साथ फिर लौटेंगे। पैरामाउंट ने निर्माता जेरी ब्रुकहाइमर के साथ मिलकर इस फ्रैंचाइजी की वापसी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म पर काम शुरू कर दिया गया है। अमेरिका के सिनेमाकॉन समारोह में, पैरामाउंट फिल्म के सह-प्रमुख जोश ग्रीनस्टीन ने 'टॉप गन 3' को लेकर बात की। उन्होंने कहा, फिल्म आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में है, और इसकी पटकथा पर काम तेजी से चल रहा है।



## क्या हाथ लगेगी विक्की की महावतार...


मुंबई। 'छावा' की अपार सफलता के बाद, विक्की कौशल पौराणिक फिल्म 'महावतार' को लेकर चर्चा में हैं। अमर कौशिक की इस फिल्म में उन्हें भगवान विष्णु के छठे अवतार 'चिरंजीवी परशुराम' के किरदार में देखा जाएगा। पहले खबर थी कि निर्माता फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के लिए दीपिका पादुकोण से बात कर रहे हैं। फिर श्रद्धा कपूर का नाम चर्चा में आया। अब इस भूमिका के लिए मिस यूनिवर्स 2021 रहीं हरनाज संधू का नाम सामने आ रहा है। परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया, फिल्म निर्माता 'महावतार' में विक्की कौशल के साथ एक नए चेहरे को कास्ट करके एक नई जोड़ी बनाना चाहते थे, और वे इस भूमिका के लिए हरनाज़ संधू से बातचीत कर रहे हैं। यह नई जोड़ी पंजाब के 2 मूल अभिनेताओं को एक साथ लाएगी।



## वरुण और कृति का धमाकेदार डांस...

मुंबई। कृति सैनन और वरुण धवन अपनी आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में एक बार फिर साथ दिखेंगे। फिल्म के आखिर में एक धमाकेदार डांस सीक्वेंस होगा, जिसमें ये दोनों नजर आएंगे। डेविड धवन के निर्देशन में 16 अप्रैल को शूट किया गया यह ज़बरदस्त सीन फिल्म को एक मज़ेदार और यादगार विदाई देगा। यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य किरदारों में हैं। वहीं, कृति सैनन इस पोस्ट-क्रेडिट सीक्वेंस में एक कैमियो करती दिखेंगी। यह स्पेशल डांस नंबर फिल्म के युवा अंदाज़ को दर्शाता है और इसमें सैनन-धवन की शानदार केमिस्ट्री भी देखने को मिलेगी। इसके अलावा, वरुण और मृणाल पर फिल्माया गया गाना 'विवाह करवाडो जी' भी ऑनलाइन काफी पॉपुलर हो रहा है।

टीवी मसाला




## खतरों के खिलाड़ी-15 में शहनाज तान्या व गौरव समेत कई सेलिब्रिटी लेंगे रिस्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई। रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी के 14 सीजन लाइव हो चुके हैं। वहीं फैंस अब इसके 15वें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर काफी समय से चर्चा भी हो रही है। हालांकि अब खतरों के खिलाड़ी 15 जल्दी ही रिलीज होने वाला है। इसके लिए पहले मेकर्स ने प्रोमो भी जारी किया था। हालांकि ये प्रोमो एआई पर आधारित था। इस प्रोमो में कंटेस्टेंट्स का चेहरा नहीं दिखाया गया था। वहीं अब खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 के कंटेस्टेंट्स की जानकारी सामने आई है।

### नजर आएंगे दिग्गज एक्टर्स

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस बार दर्शकों को अपने कुछ बेहतरीन और पसंदीदा एक्टर्स देखने को मिल सकते हैं। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में बिग बॉस 13 में अपनी बातों, अदाओं और टैलेंट से दिलों पर राज करने वाली शहनाज गिल नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही बिग बॉस 17 फेम समर्थ जुरेल और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना और बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल भी इस सीजन में नजर आने वाली हैं। इतना ही नहीं खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में मशहूर कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान के पति शिरीष कुंदर भी नजर आ सकते हैं।

### कब शुरू होगा खतरों के खिलाड़ी 15?

सोशल मीडिया पर जानकारी मिली है कि खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की शूटिंग मई में शुरू होने वाली है। वहीं शो जून या जुलाई में आने की उम्मीद है। हालांकि मेकर्स ने अब तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। वहीं अब धीरे-धीरे मेकर्स सभी कंटेस्टेंट्स के फेस रिवील कर सकते हैं।

## उधार की कलम से सिगरेट के फॉयल पर लिखा गाना हो गया अमर

मुंबई। सुरों की कोकिला कही जाने वाली लता मंगेशकर ने एक ऐसा गाना गाया, जो अमर बन गया। आज भी जब ये गाना बजता है तो लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं लेकिन इसे लिखे जाने के पीछे की कहानी कुछ ऐसी है कि आप जानकर चौंक जाएंगे। चलिए जानते हैं कि इस गीत को कैसे लिखा गया।

### कौन सा है गाना?

हम जिस गाने की बात कर रहे हैं। उसके बोल हैं 'ऐ मेरे वतन के लोगों'। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने और इसके बोल लिखे थे कवि प्रदीप ने। इसके अलावा इसे सी.रामचंद्र द्वारा संगीतबद्ध किया गया था। इस गाने को पहली बार 27 जनवरी 1963 को दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में लता मंगेशकर द्वारा पहली बार लाइव गाया गया था। यह गीत 1962 के भारत-चीन युद्ध के शहीदों को समर्पित था।



### कैसे लिखा गया गाना?

यह गाना कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि साल 1962 के दौरान भारत चीन से युद्ध हार गया था। सभी देशवासियों और सैनिकों का मनोबल कम हो रहा था। उसी वक्त गीतकार-कवि प्रदीप मुंबई में शाम को समुद्र किनारे टहल रहे थे। तभी उनके दिमाग में एक गाना आया, जिसे लिखने के लिए उनके पास कलम नहीं था और कागज भी नहीं था। तभी उन्होंने एक आदमी से उधार की कलम ली और अपने जेब से सिगरेट का डिब्बा निकाला। फिर उसके फॉयल पर गाना लिख दिया। वह गाना कोई और नहीं, बल्कि 'ऐ मेरे वतन के लोगों' रहा।

## बॉक्स ऑफिस पर होगा सीक्वल और फ्रैंचाइजी का बोलबाला, धाक जमाने आएंगी ये फिल्में...

*मुंबई। साल 2026 फिल्म फ्रैंचाइजी और लंबे समय से प्रतीक्षित सीक्वल के लिए सौगात बनकर आया है। आने वाले महीनों में कई फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार हैं जो न सिर्फ अपनी पहली किस्त को आगे बढ़ाएंगी, बल्कि कुछ नए किरदारों का दर्शकों से सामना भी कराएंगी। इस सूची में अजय देवगन से लेकर शाहिद कपूर तक की बहुप्रतीक्षित सीक्वल फिल्में शामिल हैं। चलिए इन फिल्मों और इनकी रिलीज तारीख के बारे में जानते हैं।*

**'दृश्यम 3'**: अजय अपनी 2 अक्टूबर की परंपरा को कायम रखते हुए 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी के साथ लौटेंगे। इसका पहला भाग 2015 में और दूसरा भाग 2022 में रिलीज किया गया था। अक्टूबर, 2026 में विजय सलगांवकर (अजय) अपने परिवार को पुलिस की नजरों से बचाने के लिए आ रहे हैं। उनके साथ तब्बू, श्रिया सरन और इशिता दत्त जैसे सितारे अपने किरदारों में वापसी करेंगे। इस भाग को परिवार के अस्तित्व की कहानी का अंत माना जा रहा है।

**'कॉकटेल 2' और 'खोसला का घोसला 2'**: शाहिद, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन अभिनीत 'कॉकटेल 2' 19 जून, 2026 को रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। यह 2012 में रिलीज 'कॉकटेल' की दूसरी कड़ी है, जिसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी जैसे सितारे थे। 'खोसला का घोसला' की टोली भी दूसरी कड़ी लेकर लौट रही है। फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी के साथ पुराने सभी चेहरे फिर से दिखेंगे। यह फिल्म 28 अगस्त, 2026 को रिलीज होगी।



**'आवारापन 2' और 'धमाल 4'**: इमरान हाशमी अपनी सुपरहिट फिल्म 'आवारापन' के सीक्वल को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म होने की कगार पर है। इसमें अभिनेता के साथ दिशा पाटनी नजर आएंगी। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगस्त, 2026 में सिनेमाघरों में आ सकती है। इसके अलावा, 'धमाल' फ्रैंचाइजी की टोली भी इस साल जुलाई में लौटने को तैयार है। अजय, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी समेत अन्य सितारे इस फिल्म का फिर से हिस्सा हैं।

### बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया

## 'भूत बंगला' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर गाड़े झंडे

**मुंबई। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी ने 14 साल बाद पर्दे पर वापसी करते हुए बॉक्स ऑफिस पर शानदार वापसी की है। फिल्म 'भूत बंगला' ने अपने पहले ही दिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है। फिल्म की इस शुरुआत ने इस साल रिलीज हुई कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। लंबे इंतजार के बाद अक्षय अपनी पसंदीदा शैली हॉरर-कॉमेडी में वापस लौटे हैं। आइए जानें उनकी इस फिल्म ने पहले दिन कितने करोड़ रुपये कमाए हैं।**

### पहले दिन फिल्म ने की इतनी कमाई

अक्षय की 'भूत बंगला' पहले दिन रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' या सनी देओल की 'बॉर्डर 2' को टक्कर नहीं दे पाई। हालांकि, इसने शाहिद कपूर की ओ'रोमियो से लेकर रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3', वीर दास की 'हैप्पी पटेल' और 'अस्सी' जैसी 2026 में रिलीज हुई अन्य फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म ने पहले दिन 15.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।

### आसपास भी नहीं टिक पाईं ये फिल्में

अक्षय ने 'ओ'रोमियो' (9.01 करोड़) और श्रीराम राघवन की बहुचर्चित 'इक्कीस' (7.28 करोड़) जैसी फिल्मों को बड़े अंतर से पछाड़ दिया है। रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' भी भूत बंगले के सामने टिक नहीं पाई और महज 4 करोड़ पर सिमट गई। 'दो दीवाने शहर में', 'हैप्पी पटेल', 'अस्सी' और 'राहु केतु' जैसी फिल्में 1-1.25 करोड़ के बीच संघर्ष करती रहीं। अक्षय के 'भूतिया' जादू के आगे इन फिल्मों की चमक फीकी पड़ गई।



### एडवांस बुकिंग और पेड प्रीव्यू में भी 'भूत बंगला' का जलवा

'भूत बंगला' ने घरेलू एडवांस बुकिंग के जरिए ही 3.32 करोड़ का कारोबार कर लिया था, जिसने फिल्म की मजबूत ओपनिंग के संकेत दे दिए थे। फिल्म के लिए आयोजित किए गए पेड प्रीव्यू को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिससे फिल्म की झोली में 3.50 करोड़ और आ गिरे। यही कारण है कि फिल्म की पहले दिन की कुल कमाई बढ़िया नजर आ रहा है। फिल्म वीकेंड पर भी बड़े रिकॉर्ड बना सकती है।

### फिल्म में अक्षय ने जीते दिल

इस फिल्म में अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। दर्शकों के लिए भावुक पल तब आता है, जब वे पर्दे पर दिवंगत अभिनेता असरानी को देखते हैं। मिथिला पारकर और जीशु सेनगुप्ता भी अपने-अपने किरदार में जंचे हैं। हालांकि, इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग और डबल रोल है। उनका गेटअप इतना अलग है कि दर्शक देखते रह जाते हैं।